वेद और उपनिषद् अथवा वैदिक विद्या यह मानती है कि यह ब्रह्माण्ड कहीं पर भी टिका हुआ नहीं है। सभी स्वगति से स्वभावानुसार प्रवह वायु द्वारा अन्तरिक्ष मे समान दूरी बनाए हुये अपनी – अपनी गति से चल रहें है।[14] इससे यज्ञ वैयक्तिक स्तर से सार्वभौम स्तर पर आ जाएगा। यह कर्मकाण्ड नहीं है। यज्ञ शब्द यज् धातु से निष्पन्न है तथा निरुक्तकार यास्क ने इसे – 'देवपूजासंगतिकरण' के रूप मे माना है। देवपूजा शब्द मे दो शब्द देव और पूजा हैं। दिव् धातु से निष्पन्न देव शब्द की निरुक्ति – देवो दानाद्वा द्योतनाद्वा दीपनाद्वा द्युस्थानों भवतीति वा[15]। इसमे दान 10 प्रकार का तथा द्योतन और दीपन एक – एक प्रकार के हैं। अन्य अर्थों की अपेक्षा प्रस्तुत प्रसंग मे देव शब्द द्युति तथा गति अर्थ मे अधिक प्रासंगिक है क्योंकि मन्त्र की व्याख्या सृष्टिपरक है। अँग्रेजी भाषा मे द्युति से अभिप्राय Luminescence तथा गति का अर्थ 1. Knowledge, 2. Motion और Accomplishment है। इसलिए देवपूजा मे दिव् धातु का अर्थ प्रकाश पुञ्ज अथवा प्रकाश किरण ही माना जाना चाहिए। आधुनिक वैज्ञानिक जिस 'Black Hole Theory' की चर्चा करते हैं वह भी वैदिक दार्शनिक की दृष्टि में अपवाद नहीं है क्योंकि उसमे प्रकाश प्रकट न होकर अपने स्रोत में ही समाहित रहता है। इस प्रकार इस ब्रह्माण्ड की कोई भी चीज़ और द्रव्य, भले ही किसी भी रचना और आकार में क्यों न हो, किसी भी अवस्था में क्यों न हो, देव शब्द में ही समाहित हो जाएगा।

देवपूजा में पूजा का अर्थ संगतिकरण है, जो कि ब्रह्माण्ड व सार्वभौमिकता के प्रति समर्पण व आदर को दर्शाता है, जिसका उदय ज्ञान के माध्यम से सम्भव है। इस ज्ञान को ग्रहण करने का प्रथम सोपान विज्ञान है। उपरान्त इससे सृष्टि के सृजनात्मक सिद्धान्त व प्रक्रिया के साथ संगति की जाती है। इसलिए ज्ञान के साथ संगति रखने वाले माता-पिता, शिक्षक, विद्वान, शोधार्थी, ऋषि आदि, साथ ही यदि किसी से कुछ भी सीखा हो जैसे कलाकार, शिल्पकार आदि सब भी देव की परिधि मे ही परिगणित हो जाएंगे। भारतीय परम्परा तो पशु, पक्षी, पुष्प, कीडे आदि सभी से सीखने की परम्परा रखती है। श्रीमदभागवतपुराण में तो अवधूत ने अपने 24 गुरु गिनवाए है।

इसलिए सम्पूर्ण प्रकृति, पुरुष की लय से नर्तन करती है। संगतिकरण मे गति का प्रचलित अर्थ 'Motion' है और करण शब्द 'doing' या 'creating' भाव को इंगित करता है। परन्तु सम् उपसर्ग इस सम्पूर्ण प्रकरण को अपने अर्थ से बदल देता है – यह दो या दो से अधिक के साथ संगति है। यदि इसे सृष्टि प्रक्रिया के साथ संपृक्त करो तो धुन निकलती है, अन्यथा नहीं।

इसी प्रकार दान का अर्थ भी द्रव्य, धन आदि का दान न होकर उदात्त उद्देश्य के लिए समर्पण की भावना है। यदि वैज्ञानिक दृष्टि दी जाए तो –

मैं (I) = द्रव्य (Matter) + ऊर्जा (Energy)

एक गठरी या बंधी हुई पोटली (Bundle) है जो किसी भी प्रकार से नष्ट नहीं होती। शरीर मे हानि या लाभ होने पर इस 'मै' पर एकान्ततः कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यह सृष्टि प्रक्रिया का क्षणिक चरण है, जिसका कोई भी प्रभाव कुल द्रव्यमान पर नहीं पड़ता। यह मैं (I) जीवन के नानाविध परिणामों को उत्पन्न करता है । शरीर पर मात्र इसके प्रभाव होते हैं । भावनायें शेष रह जाती हैं और मानव का तन्त्रिका तन्त्र उन्हे स्मृति के रूप मे सुरक्षित कर लेता है । इसलिए आधुनिक शिक्षा पद्धति जहाँ मैं (I) को केन्द्र में रखकर बनाई गयी है वहाँ वेद मैं (I) को ब्रह्माण्ड में समर्पित करके मात्र सृष्टि को देखता है, इसलिए वेद में पुरुष ही सृष्टि को करने वाला है।

इस सृष्टिपरक़ यज्ञ के साथ निकटता, समीपता, सन्निधि, काल और दिक् के साथ सम्बन्ध के साथ सायुज्य करना या फिर बैठाना अथवा संगतिकरण ही उपस्थानम् है।

इन चार मन्त्रौँ मे सन्ध्या की प्रयोग विधि में मन्त्रौँ का क्रम कुछ परिवर्तित कर दिया गया है। यदि इसे मूल क्रम मे देखा जाए तो ॐ उदुत्यं जातवेदसम् (7-41) है, पुनः यह 33 वें अध्याय का 31 वाँ मन्त्र है, जिसका सामान्य अर्थ है – उदय होते हुये अग्नि देवता को देखने के लिए, सूर्य संसार को देखने के लिए किरणें धारण करते हैं । इस मन्त्र के उपरान्त ॐ चित्रम् देवानामुदग़ादनीक़ं (7-42) मन्त्र है जिसका अर्थ है – विचित्र देवताओं के अच्छी तरह प्राप्त या उदय होता हुआ यह सेना या समूह (इन्द्रियाँ) नेत्र या आँख, सूर्य का एक रूप, जल, अग्नि के प्रकृष्ट रूप मे फैली हुई द्युलोक, पृथ्वी लोक व अन्तरिक्ष लोक में 'सूर्य जगत् की आत्मा है' , इस स्थावर और जंगम परक देवता को समर्पण हेतु स्वाहा । इन दो मन्त्रों के उपरान्त यजुर्वेद के 35 वें अध्याय का 14 वाँ मन्त्र है - ॐ उद्वयन्तंमसस्परि । यद्यपि सन्ध्या मन्त्रों में यह पहले लिखा है क्योंकि यह सन्ध्या मन्त्र आर्यसमाज ने संकलित किए हैं, जबकि वेद में इनका क्रम भिन्न है। मूल पाठ का सम्मान करते हुए, चूंकि वह अधिक सार्थक है उसी क्रम में मन्त्र का अर्थ बनता है – हमने अन्धकार के ऊपर सुखप्राप्ति पूर्वक देखते हुए उत्तर दिशा या फिर भू से ऊपर ज्योति वाला देव (आत्मा), दिव्य गुणो से युक्त प्राणशक्ति

सूर्य को प्राप्त होते हैं, यह उत्तम ज्योति है । यजुर्वेद का यह अध्याय मृत्यु का वर्णन करता है । यह भयावह नहीं है, मात्र वस्त्र परिवर्तन है। यजुर्वेद के 35 से 39 अध्याय में मृत्यु, ऊर्ध्व गति, प्राण आदि का वर्णन है । तभी अन्तिम जो 40 वाँ अध्याय है , उसका देवता आत्मा या ब्रह्म बन सकता है और वही ईशावास्योपनिषद् है, तभी तो इस अनुभव की सम्भावना बन पाएगी –

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्चजगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।[16]

अन्तिम मन्त्र ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् - में जीवन के प्रति प्रार्थना है।

समस्त चार मन्त्रों में सूर्य के साथ उपस्थापन करना है, अनुभव करना है। इस अनुभव को कैसे किया जा सकता है, इसकी प्रक्रिया भी विचारणीय है। पहले ब्रह्माण्ड के साथ सम्बन्ध जोड़ा जाये – "सूर्य आत्मा जगतस्थुषश्च" के आधार पर इस समूचे ब्रह्माण्ड की आत्मा सूर्य है तथा 'गच्छतीति जगत्' – जो जाता है वह जगत् है या फिर जो परिवर्तित होता रहता है उसे जगत् कहा जाना चाहिए। इस आधार पर मानव, पशु, पक्षी, पेड़ –पौधे, समूचा वनस्पति जगत् जाता रहता है और परिवर्तनशील है, मात्र सूर्य स्थिर है। सूर्य प्रत्यक्ष देवता है, शेष राम, कृष्ण, आदि अवतार परोक्ष होने के कारण कल्पनारूप में भी जाने जा सकते हैं । ऐसा सूर्य के विषय में नहीं कहा जा सकता क्योंकि राम, कृष्ण आदि अवतारों में तर्क, वितर्क और कुतर्क की सम्भावना सम्भव है जबकि सूर्य प्रतिदिन प्रत्यक्ष दिखाई देता है । सम्पूर्ण सौरमण्डल का केन्द्र बिन्दु यही सूर्य है। शेष सभी ग्रह अपने- अपने ग्रह, पथ या कक्षा में चक्कर लगाते रहते हैं, चन्द्रमा को छोड़कर। क्योंकि चन्द्रमा उपग्रह होने के कारण पृथ्वी के इर्द-गिर्द चक्कर लगता है, यह पृथ्वी के सबसे नजदीक है। इसका प्रकाश सूर्य के कारण है । चन्द्रमा सूर्य के आसपास भ्रमण करते हुए घटता बढ़ता है ।

इसलिए पन्द्रह – पन्द्रह दिन का एक चक्र (Cycle) बनता है । यदि सूक्ष्मता से गणना की जाए तो यह सटीक पन्द्रह – पन्द्रह दिन का न होकर कुछ कम या अधिक होता है क्योंकि नक्षत्र चक्र में 27 नक्षत्र है तथा अभिजित् नक्षत्र का मान कम होने से इसे नहीं गिना जाता। इसलिए चान्द्र मास 27 या 28 दिन का होता है । यही दर्श और पौर्णमास का कारण है। इसी कारण से ज्योतिष शास्त्र को वेदपुरुष की आँख माना जाता है और यह शास्त्र प्रत्यक्ष गिना गया – "प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ"[17]। यह कालपरक या कालविधान शास्त्र भी माना जाता है।

ISSN – 2349-3100

सूर्य, चन्द्रादि को केन्द्र में रखकर ज्योतिष शास्त्र में जो गणनाएँ की गईं उन्हे खगोल शास्त्र कहा जाता है । इसलिए ज्योतिष गणितीय प्रक्रियाऑं पर आधारित है जो की सृष्टि की गहराइयों तथा उनकी गणना में काम आती हैं । खगोलीय घटना में परिवर्तन कब होगा तथा उस पर आधारित क्या परिणाम हो सकते हैं, पुनः मानव जीवन कितना प्रभावित होगा – इन सबका सटीक आकलन इस शास्त्र की मुख्य विषय-वस्तु है । हमें क्या करना चाहिए, ताकि हमारा इस सृष्टि में किसी प्रकार का योगदान हो सके, यह वैदिक ऋषि का मुख्य प्रयोजन रहा है। इसमे सबसे प्रसिद्ध शास्त्रीय कर्म है – तीन अर्घ्य देने की प्रथा, इसे दूसरे शब्दों में तीन संधियों में जल अर्पण करने की प्रथा। इसके स्पष्टीकरण के लिए मैं कार्तिक स्नान का प्रसिद्ध उदाहरण लूँगी । इस कार्तिक स्नान के अन्य नाम गंगा स्नान, नदी- स्नान भी हैं, जिसमे नदी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसका कारण भारत देश का प्रकृति के प्रति प्रेम है क्योंकि यह देश सदा से ही प्रकृति का उपासक रहा है, जो कि विपरीत शिक्षा पद्धति के कारण आज धूमिल हो गया है।

नदियों को जीवित ऊर्जा युक्त बहता हुआ जल का स्रोत माना जाता है तथा खेतों में कच्ची मिट्टी होने के कारण पानी को उस ऊर्जा को बचाकर रखने की क्षमता बनी रहती है । आजकल बनी हुई इमारतों में न तो यह सम्भव है और न ही उपयोगी। क्योंकि यह प्राकृतिक शृंखला को तोड़ता है।

तैत्तिरीय आरण्यक[18] में एक कहानी आती है कि – एक जाति मैन्देह राक्षस है जो कि अरूण (जहाँ से सूर्य लाल रँग का निकलता है) टापू (island) पर रहती है । वह रोज़ सुबह सूर्य के उदय होने के साथ ही निकल आती है और स्पेस को जीतना चाहती है, परन्तु यह तभी सम्भव है, जब वह सूर्य को विनष्ट कर सके। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार जातियाँ या गण तीन होते हैं - देव, मनुष्य और राक्षस। जिनमे से देव गण उन्हे माना जाता है जो कि भले ही आप उनका बुरा करें परन्तु यह आपका अच्छा ही करते हैं । दूसरे मनुष्य गण के लोग अच्छा करने पर अच्छा और बुरा करने पर आपका बुरा करते हैं । तीसरे राक्षस लोग चाहे आप उनका कितना भी अच्छा कर लो, वह आपका सदा बुरा ही करते हैं । इसलिए ये राक्षस गण सूर्य को नष्ट करना चाहते हैं क्योंकि उन्हे सूर्य की उन्नति अच्छी नहीं लगती, वे उसे नष्ट करना चाहते हैं । इस सूर्य को बचाना हम सबका उत्तरदायित्व है क्योंकि सूर्य हमारा पिता है, इस पृथ्वी ग्रह पर जीवन मात्र सूर्य के कारण है, इसलिए –

 ISSN – 2349-3100

प्रथम अर्घ्य – असीमित बलशाली होता है। यह स्वयं के लिए लाभकारी होता है। तैत्तिरीय आरण्यक के अनुसार यह सूर्य के वाहन घोड़ों को नष्ट करता है जो की सात किरणें हैं, या सात वर्ण (रँग) हैं। ये सात ग्रहों के दोषों को समाप्त करने की सामर्थ्य रखता है। राहु-केतु को इनमे न गिनने का कारण इन दोनों का छाया ग्रह होना है। कृषि का सूर्य से प्रत्यक्ष सम्बन्ध होने के कारण खेतों को सुबह के समय सींचा जाता है।

द्वितीय अर्घ्य – मैन्देह राक्षसों के अस्त्र- शस्त्रों को समाप्त करता है, यह दोपहर है इसलिए शास्त्र में दिवाशयन का निषेध किया जाता है, मात्र झपकी ली जा सकती है। दिवाशयन से कार्य में लगने के कारण पित्त और कफ वर्धित होते हैं, इसलिए द्वितीय अर्घ्य विशिष्ट है।

तृतीय अर्घ्य – यह अर्घ्य राक्षसों को स्वयं ही समाप्त कर देता है।

चूँकि ब्रह्मा ने उन राक्षसों को वाग्दान दिया हुआ है कि वह नष्ट होकर भी फिर पैदा होंगे, इसलिए अगले दिन वह फिर चल देते हैं।

पर्यावरण के अनुसार भी ये मन्त्र महत्वपूर्ण हैं। नदियाँ अपने स्रोत से बहती रहती हैं, हम उसमे खड़े होकर उसी जल को उठाकर अर्घ्य देते हैं अर्थात् नदी का पानी अपने हाथ से उठाना और फिर ऊपर करके उसी नदी में फ़ेंक देना। यह क्रिया नदी के सामान्य बहाव में विक्षोभ पैदा करती है। इसे यदि लौकिक उदाहरण से समझा जाए तो अधिक स्पष्ट होगा। माँ द्वारा बच्चे को दूध गर्म करके फिर बार –बार फेंट कर दूध को अधिक लाभकारी बनाया जाता है। इसी प्रकार नदी के विद्युत चुम्बकीय (electromagnetic) स्रोत में क्षोभ पैदा कर हमारी भाप की प्रक्रिया अधिक सुकर होती है जिससे बादलों का निर्माण होता है। बादल वृष्टि का कारण बनते हैं। वृष्टि से अन्न उत्पन्न होता है। इसलिए सूर्य पृथ्वी पर अंकुरोत्पत्ति (seedling) का कारण व द्योतक है। अन्न ही पृथ्वी पर जीवन का कारण है। वेद में ब्रह्म को – "अन्नं वै सः" कहा जाता है। उद्भिज्ज योनि अर्थात् वनस्पति जगत् में भी यही प्रक्रिया है, इसलिए लोकाचार में कृषि कर्म को उत्तम व्यवसाय कहा गया है जो कि इहलोक और परलोक दोनों में पुण्यकारी है। इससे पृथ्वी पर न तो ग्लोबल वार्मिंग (global warming) की सम्भावना रहती है और न ही पानी की कमी या जलाभाव।

अब व्यष्टिपरक (microcosm) अर्थ पर विचार किया जाए तो इन मन्त्रों को अपने पर घटित किया जाए तो पहले दो मन्त्र ॐ उदुत्यं जातवेदसम् – (7-41) और ॐ चित्रम् देवानामुदग़ादनीकम् – इस भौतिक शरीर के लिए हैं तथा ॐ उद्वयन्तंमसस्परि स्वः (35-14) मृत्युपरक है तथा अन्तिम ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। (36-24) में स्वस्थ रहने की कामना है।

ISSN – 2349-3100

इस शरीर में पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ होती हैं। जो कि सांसरिक बाह्य ज्ञान, जो कि इंद्रियों जनित है उसे प्राप्त करने में सहायक हैं , यथा चक्षु से देखना , श्रोत्र से सुनना , जिह्वा से स्वाद , नासिका से गन्ध तथा त्वचा से स्पर्श ग्रहण करती हैं। ये पांचों इंद्रियाँ पाँच महाभूतों से संबन्धित हैं , त्वचा – पृथ्वी , चक्षु – अग्नि , कान – आकाश , रसना – जल और नासिका – वायु को द्योतित करती है। इस सांसारिक प्रक्रिया में मन्त्र ॐ उदुत्यं जातवेदसम् – (7-41) – में 'उदय होते हुये जातवेदा को देखने के लिए कहा है'। यहाँ जातवेदा का अर्थ अग्नि, ऊर्जा अथवा energy है, जिसका हम इस संसार में भोग करते हैं। अगले मन्त्र ॐ चित्रम् देवानामुदग़ादनीकम् में – इंद्रियों का यह समूह द्युलोक (जहाँ सूर्य आदि चमकते हैं), पृथ्वी लोक (जिस पर हम रहते हैं) व अन्तरिक्ष लोक (इसे space कहते हैं, जहाँ प्रवह वायु के कारण कोई गति सम्भव नहीं, यह जड़ता की स्थिति है) में फैला है।

अगला विशेषण 'चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्ने' मन्त्र में आया है। सामान्य अर्थ में इसे मित्रावरुण और अग्नि कहा जाता है। मित्रावरुण देवता वेद में द्विवचन में है। ऋग्वेद के (1-2-7) मन्त्र में इस देवता के स्वरूप को निम्न विशेषणों से स्पष्ट किया गया है जो आज की वैज्ञानिक भाषा में खरा उतरता है –

पूतदाक्षम् मित्रम् – Hydrogen which is expert in cleansing◦

दिशादसं वरुणश्च – Oxygen which eats away◦

हुवे – by rust formation

घृताचीं धियां साधनता – Both of them accomplish the creation of water

संस्कृत साहित्य में उपलब्ध रसायन विज्ञान की पुस्तक 'रसजलनिधि' में मित्रम् का अर्थ Hydrogen है और इसका विशेषण पूतदाक्षम् इसे पवित्र करने के अर्थ में है – 'which purifies' यह हाइड्रोजन का विशिष्ट गुण है तथा दूसरी ओर आक्सीजन किसी भी धातु को जंग खाया हुआ (Rusty) कर देती है। इसीलिए वरुण को मन्त्र में 'रिषादसम्' कहा है क्योंकि वरुण इस जंग को उत्पन्न करने का कारण है (Oxygen which causes rust), क्योंकि 'रिष्' धातु नष्ट या हानि पहुंचाने के अर्थ में है। मनुष्य का मित्रावरुणौ के चक्र में फँसने का मूल कारण मनुष्य के पाञ्चभौतिक शरीर में 72% पानी का होना है। अध्यात्म विद्या में पानी को स्मृति संवाहक (Memory Carrier) माना जाता है जो की स्मृतियों को अपने साथ लेकर चलता है, इसलिए इस परम्परा में सर्वप्रथम कुम्भ पूजा या जलपूजा का विधान है। समस्त इंद्रियों का सेना समूह जहाँ से

भी कुछ मिलता है, उसे अपने ऊपर लाद लेता है। उसे उसकी आवश्यकता हो या न हो , वह उसके पीछे जुड़ जाती है। इस प्रकार यह शरीर कई प्रकार की स्मृतियों का एक बण्डल बन जाता है। यह कई प्रकार की होती हैं जैसे विकास-क्रम स्मृति, आनुवांशिक स्मृति, आणविक स्मृति, चेतन स्मृति, अवचेतन स्मृति आदि। यदि मानव कुछ देर के लिए इस स्मृति को भुला दें तो शुद्ध चैतन्य जाग्रत किया जा सकता है। इसलिए मन्त्रों में इन सबके केन्द्र में स्थित सूर्य को 'अग्ने' शब्द से सम्बोधन किया जाता है क्योंकि यह मानव को स्मृति के वातायन से परे करती है कि मनुष्य स्मृति से परे है। इस सम्पूर्ण जगत् की आत्मा सूर्य है – 'सूर्य आत्मा जगतस्थुषश्च'।

सूर्य ही आत्मा है क्योकि –

आत्मा शब्द आत्मन् का प्रथमा विभक्ति एकवचन का रूप है, जिसका अर्थ 'मैं ' (self) है ,

ज्योतिष शास्त्र में 'आत्मा रविः' का प्रयोग मिलता है।

इसलिए जन्म के समय पर राशि चक्र की जो राशि पूर्व दिशा में लगी होती है, वह लग्न कहलाती है। इसी लग्न के आधार पर जन्म कुण्डली में जातक के शारीरिक स्थिति व गठन का विचार किया जाता है। मूलतः तो लग्न ही समूचे व्यक्तित्व का परिचायक बन जाता है।

इस वर्तमान जन्म का केन्द्र बिन्दु नाभि है। निर्देशांक ज्यामिति (Coordinate Geometry) के अनुसार यह नाभि मेरुरज्जु (रीढ़ की हड्डी या back bone) के सामने वाले भाग में रहती है। यह मेरु रज्जु निर्देशांक ज्यामिति का क्षैतिज अक्ष (Horizontal Axis) है। इसलिए सन्ध्या काल में इसको सीधा रखकर बैठना जहाँ एक तरफ शारीरिक दृष्टि से लाभकारी था क्योंकि सभी कुछ इसके माध्यम से ही सम्भव हो पाता है तो दूसरी ओर तन्त्रिका तन्त्र (Nervous System) के लिए और भी अधिक उपयोगी। यह कुछ एकत्र करके नहीं रखता परन्तु इसके बिना हमारा दायाँ और बाँया मस्तिष्क का भाग कुछ भी संञ्चित नहीं कर सकता, इसको लौकिक जगत् में माइक (mike), तारें (wires) तथा sound system से समझा जा सकता है। यदि कोई इस ध्वनि यन्त्र प्रक्रिया को ठीक से समझता है तो इसका उत्तम प्रयोग कर सकता है, अन्यथा सभी कुछ उसके लिए व्यर्थ है।

उपस्थान मन्त्रों की समूची प्रक्रिया साधक या मानव को धर्म पर टिकाने के लिए सहायक है। इसलिए 'ॐ उद्वयन्तंमसस्परि स्वः-' में मृत्यु के उपरान्त पहुँचे हुए उस सूक्ष्म शरीर / भाव शरीर का वर्णन है। यजुर्वेद का 35वाँ अध्याय पूरी तरह मृत्यु पर केन्द्रित है, जिसमे मन्त्रों की संख्या 14 है। 13वाँ मन्त्र – "अनड्वानहमन्वारभामहे सौरभेयँ स्वस्तये" – में सुरभि पुत्र वृषभ की मंगल के

निमित्त स्पर्श की कामना की गयी है । शिवालयों में भगवान् शिव के सम्मुख स्थापित वृषभ साक्षात् धर्म है तथा उसका प्रतीक पुराणों के आधार पर वृषभ है यह भी पूर्णतया वैज्ञानिक है परन्तु विस्तार भय से यहाँ इसका विवेचन सम्भव नहीं । इस वृषभ की माता सुरभि गौ है इसलिए भारतीय संस्कृति में गौ पूजनीय है । इसी अध्याय के 3रे मन्त्र – 'विमुच्यन्तामुस्त्रियाः' में 'बैलों को हल से अलग किया जाए' का अर्थ मृत्यु परक है जहाँ हल का चित्र हँसुली (Collar Bone) से मेरुदण्ड का अलग होना है जिसे लोकाचार में 'आत्माराम' कहा जाता है । लेकिन जिन प्राणियों ने हल को जोतते हुये गौ की पूंछ को पकड़ा है तथा अग्नि की उपासना की है , उसको कोई नहीं हरा सकता । यहाँ -

- गौ की पूंछ पकड़ना – धर्म पकड़ना या धर्मानुसार कार्य है।
- अग्नि की उपासना – श्रम करना या फिर कर्म में धर्म को धारण करना अर्थात् कोई भी कर्म धर्मानुसार करना है ।
- ऋत्विजों में दक्षिणास्वरूप धन – मात्र धर्मानुसार अर्जन करना है और अर्जित भाग का धर्मानुकूल वितरण करना है ।

तभी पृथ्वी उसे मुँहमाँगा खजाना देती है । इसी का नाम जीवन की सार्थकता है । इस कारण जीवन को जीने का दृष्टिकोण 'ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्' में सौ वसन्तों को जीवन की आनन्द की गहराइयों तक जीना है । इसलिए वेद के अनुसार 1008 पूर्णिमा तक जीने तक एक चक्र सम्पूर्ण हो जाता है ।

इस शोध पत्र के निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि भारतीय वैदिक संस्कृति सूर्य का उपस्थानम् करती है । क्योंकि यह सूर्य ही हमारी आत्मा है शेष सब स्मृतियाँ हैं , इसलिए इस संस्कृति में जीवन का आरम्भ कुम्हार से और सामान्यतः समस्त पूजायें कुम्भ-पूजा से आरम्भ होती हैं । उदाहरण के रूप में विवाह का शुभारम्भ कुम्हार की चाकपूजा से तथा उपरान्त कुम्भपूजा (लोकाचार में घड़े भरना) की जाती है । दुर्गापूजा आदि में भी जलकलश स्थापन सर्वप्रथम किया जाता है । इसी प्रकार अन्त्येष्टि में कुम्भ या घड़े को फोड़ देना व आत्माराम को जल में प्रवाहित कर देना, उस पूर्व जीवन को गति देने जैसा है । शास्त्रनुसार यह अगले जीवन की शुरुआत है । यह जीवन जिन अस्थियों (स्था - ठहरना) पर आधारित था , वह स्मृतियों को संवहन करता हुआ पानी के साथ उपजाऊ होता है और फिर नया रूप धारण कर लेता है । यही सूर्य उपस्थान है ।

सन्दर्भ सूची

1. यजुर्वेद 35-14
2. वही 33 – 31
3. वही 7 -42
4. वही 36 -24
5. युवोरनाको (7-1-1), लघुसिद्धान्त कौमुदी – व्याख्याकार & सम्पादक – धरानन्द शास्त्री, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, 1991
6. श्रीमद्भागवतपुराण 11 -3 -44, गीता प्रैस, गोरखपुर, आठवाँ संस्करण
7. पतञ्जलि कृत महाभाष्य, अनुवादक एवं विवरणकार चारुदेव शास्त्री, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, संवत् 2025
8. ऋग्वेद मण्डल – 1-154—1, https://instapdf.in/rigveda/
9. मनुस्मृति (2-23), https://archive.org/details/ManuSmriti_201601/mode/2up?q
10. शुक्रनीति (4-111), विद्योतिनी हिन्दी व्याख्या सहित, व्याख्याकार – ब्रह्मशंकर मिश्र , चौखम्भा संस्कृत सिरीज़ ऑफिस , वाराणसी , 1968
11. वाल्मीकि रामायण https://www.valmikiramayan.net/
12. Matsya Mahāpurāṇa : an exhaustive introduction, Sanskrit text, English translation, scholarly notes and index of verses. *Kanhaiyālāla Jośī (1st ed.). Delhi: Parimal Publications. 2007.* ISBN 81-7110-306-5. OCLC 144550129. *Introduction.*
13. https://archive.org/details/HindiBookKurmaPuranByGitaPress
14. The Súrya-Siddhánta, (12-53) an antient system of Hindu astronomy ed. FitzEdward Hall and Bápú Deva Śástri (1859). https://archive.org/details/Bibliotheca_Indica_Series
15. The Nirukta of Yaskacharya, edited with Durga Commentary by R. G. Bhandarkar, Bombay Sanskrit & Prakrit Series, 1942. https://archive.org/details/in.ernet.dli.2015.485860
16. ईशावास्योपनिषद् – 1 https://shlokam.org/isha/
17. विद्यापीठ पंचाङ्ग ,पृष्ठ – 2 , श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय , दिल्ली , 2021-22
18. https://archive.org/details/taittiriya/taittiriya_aranyaka_bhaskara_01/page/n0/mode/2up

विभागाध्यक्षा,संस्कृत विभाग,वेंकेटेश्वर महाविद्यालय,दिल्ली विश्वविद्यालय।

❖ ❖ ❖ ❖ ❖❖ ❖ ❖ ❖ ❖

 ISSN – 2349-3100

प्रव्रज्यायोगः

✍डॉ. अनिलकुमारः

अनाश्रमी न तिष्ठेत् क्षणमेकमपि द्विजः।
आश्रमादाश्रमं गच्छेदेष धर्मः सनातनः ।।

इति धिया ब्रह्मचर्य-गृहस्थ-वानप्रस्थ-सन्यासात्मकानां चतुर्णाम् आश्रमाणाम् अनुसरणं सर्वैरेव मानवैः अनिवार्यरूपेण कर्त्तव्यम् । जगति व्यवस्थेयं प्रायशः नियमत्वेन परिदृश्यते । आश्रमाणां परिपालने प्रत्येकम् आश्रमाय पञ्चविंशतिः वर्षाणि यद्यपि पूर्वाचार्यैः प्रतिपादितानि तथापि अद्यतनीय-सर्वकारेण गृहस्थाश्रमे प्रवेशार्थं युवकानां युवतीनां च कृते क्रमशः एकविंशतिवर्षात्मिकम् अष्टादशवर्षात्मकम् आयुः सुनिश्चितम् । इमे नियमाः सांसारिकजनानां कृते भवन्ति । संसारेऽस्मिन् केचन ईदृशाः मानवाः अपि वर्तन्ते ये मोह-क्रोध-कामेभ्यः विमुक्ताः सन्ति । तेषां कृते न भवति चतुराश्रमाणां परिपालने अनिवार्यता । ते तु गृहस्थाश्रमस्थाने सन्यासाश्रममेव अङ्गीकुर्वन्ति । ते तु स्वकीयः ईश्वरेण अभेदं मत्त्वा स्पष्टरीत्या कथयन्ति यत् –

अहं निर्विकल्पो निराकाररूपो
विभुत्वाच्च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम् ।
न चासङ्गतं नैव मुक्तिर्न मेयः
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोहम् ।।

तत्र तेषां दुःखमये गृहस्थजीवने अनासक्तेः, परमतत्त्वे नितरां रूचेः, सत्त्वप्रधानाचरणस्य, मोक्षप्रवृतेश्च कारणं किमपि प्राग्जन्मार्जितं पुण्यम् अवश्यमेव वर्तेत । यतो हि अस्य मानवजन्मनः प्रयोजनं तु मोक्षप्राप्तिरेव ।

अतः मोक्षप्राप्तये मानवोऽयं सन्यासी भविष्यति न वेति प्रश्नोत्पन्ने सति जन्मजन्मान्तराणां ज्ञानं कृत्वा अस्मिन् जन्मनि प्राप्यफलानां वर्णनस्य केवलं ज्योतिषशास्त्रे एव सामार्थ्यम् अस्ति । यथा आचार्यः कल्याणवर्मा सारावल्यां भणति –

विधात्रा लिखिता याऽसौ ललाटेऽक्षरमालिका ।
दैवज्ञस्तां पठेद् व्यक्तं होरानिर्मलचक्षुषा ।।

त्रिकालज्ञैः पूर्वाचार्यैः ज्योतिषशास्त्रीय-होरास्कन्धस्य प्रायशः सर्वेषु ग्रन्थेषु प्रव्रज्यायोगाः प्रतिपादिताः। प्रव्रज्यायोगमधिकृत्य महर्षिपराशरस्य **“ येनापहाय सर्वस्वं विरक्ता गेहिनो जनाः”** अनेन वचनेन सिद्ध्यति यत् येषां जन्मांगचक्रे प्रव्रज्याख्यः अयं योगः भवेत् ते मानवाः सर्वं विहाय विरक्ताः भवन्ति। अतः प्रव्रज्यायाः विशेषज्ञानार्थम् अत्र प्रव्रज्यायोगाः, प्रव्रज्यादेवाः, प्रव्रज्याभेदाः, प्रव्रज्यायाः प्राप्तिकालः, प्रव्रज्याभङ्गयोगाश्च उपस्थाप्यन्ते ।

<u>प्रव्रज्यायोगाः</u> – ज्योतिषशास्त्रोक्तेषु नानाविधयोगेषु प्रव्रज्यायोगाः अपि महर्षिपराशर-वराहमिहिर-मन्त्रेश्वर-वैद्यनाथप्रभृतयःदैवज्ञाः प्राबल्येन निर्दिष्टवन्तः। तत्र जातकपारिजाते स्पष्टतया विवेचितमस्ति यद् बलवतां चतुर्णाम् अथवा पञ्चानां षण्णां वा ग्रहाणाम् एकस्मिन् भावे व्यवस्थितिवशाद् अयं प्रव्रज्यायोगः भवति, अर्थात् सप्तानां ग्रहाणां एकत्रस्थितिवशात् न योगोऽयम् उत्पद्यते। बृहत्पाराशरहोराशास्त्रानुसारेण यस्य जन्मकाले एकस्मिन्नेव भावे चतुष्प्रभृतयः ग्रहाः स्थिताः स्युः स जातकः प्रव्राजको भवति । प्रसंगेऽस्मिन् प्रायशः सर्वेषाम् आचार्याणां मतैक्यं दृश्यते । यथा फलदीपिकायां मन्त्रेश्वरेणोद्घोषितम् –

एकर्क्षसंस्थैश्चतुरादिकैस्तु ग्रहैर्वदेत्तत्र बलान्वितेन ।
प्रव्रज्यकां तत्र वदन्ति केचित् कर्मेशतुल्यां सहिते खनाथे ।।[1]

एकस्मिन् भावे स्थितेषु चतुष्प्रभृतिग्रहेषु यो ग्रहः सर्वाधिकबलवान् स्यात् तस्यैव प्रव्रज्यां मानवः प्राप्नोतीति नियमः वर्तते, परं यदि तत्र न कश्चिद् बली भवेत्तर्हि जातकस्य जीवने प्रव्रज्या न भवतीति । यदि प्रव्रज्याकारकग्रहेषु द्वौ बलवन्तौ ग्रहौ भवेतां तर्हि मानवः प्रव्रज्याद्वयमवाप्नोति । तत्र बहवो बलिनः ग्रहाः स्युः तदा बह्वयः प्रव्रज्याः जीवने समायान्ति । एवं प्रव्रज्याकारकौ द्वावेव ग्रहौ अपराजितौ भवतः तदा प्रथमप्रव्रज्यादायकान्तर्दशायां प्रथमां प्रव्रज्यां गृहीत्वा तामेवाश्रित्य तावत्तिष्ठति , यावद् द्वितीयप्रव्रज्यादायकग्रहान्तर्दशाप्रवेशः। तत्र प्रथमां त्यक्त्वा द्वितीयामाश्रयति । इत्थं बहुप्रव्रज्याकारकग्रहेषु अपि दशावशात् प्रव्रज्याप्राप्तिकालः चिन्तनीयः। यदि प्रव्रज्याकारको ग्रहः पराजितः स्यात्तर्हि जातकः प्रव्राजको भूत्वा प्रव्रज्यां त्यजति। प्रव्रज्यायोगानां वर्णनावसरे सारावल्यां आचार्यकल्याणवर्मणा स्पष्टतया उद्घोषितं यद् मुनियोगे उत्पन्नमानवस्य जन्मकाले यदि राजयोगोऽपि स्यात्तहि नृपो भूत्वा तदानन्तरं प्रव्रज्यामपि प्राप्नोति । अस्मिन् प्रव्रज्याकालेऽपि स नृपवत् सम्मानितो भवति। प्रव्रज्यायाः प्रत्यक्षप्रभावविषये दैवज्ञैः निरूपितमस्ति। इत्थं प्रव्रज्यायाः दिग्दर्शनमात्रं मया प्रदर्शितं, प्रव्रज्यादेवान् उदित्वा तदनन्तरं प्रव्रज्याकारकयोगानां विस्तृतं विवेचनं भविष्यति।

प्रव्रज्याभेदाः

जन्मांगचक्रे प्रव्रज्यास्ति इति ज्ञात्वा तदनन्तरं क्रमो भवति प्रव्रज्यायाः प्रकृतेः अवलोकनस्य । सन्दर्भेऽस्मिन् बृहत्पाराशरहोराशास्त्रे दृश्यते यत् -

सबलैरेकभगैश्चतुष्प्रभृतिभिर्ग्रहैः
सूर्यादिभिस्तापसः कपाली लोहिताम्बरः
दण्डी यतिश्चक्रधारी वीतवासः क्रमादिति
बलिषु प्रबलस्यैव बोध्या बहुषु विद्वरैः ।[2]

अर्थात् मानवस्य जन्मकाले प्रव्रज्याकारकग्रहेषु यो ग्रहः सर्वाधिकः बली स्यात् सः तदनुसारिणीं प्रव्रज्यामवाप्नोति। अतः सूर्यात् शनिपर्यन्तं सप्तग्रहाणां प्रभावेन प्रव्रज्येयं सप्तविधा वर्तते। यथा सूर्येण तपस्वी , चन्द्रेण कपालिकः , भौमेन रक्तवस्त्रधारी , बुधेन दण्डी , गुरुणा यति , शुक्रेण चक्रधारी , शनिना दिगम्बरः भवति। इत्थं प्रव्रज्यायोगे उत्पन्नस्य जातकस्य कीदृशी प्रव्रज्या भवति इत्यस्मिन् विषये ग्रहानुसारेण प्रव्रज्यायाः वर्णनावसरे महर्षिपराशर-वैद्यनाथ-वराहमिहिरादयः आचार्याः तु स्वकीयग्रन्थेषु तापसस्- कपालीसंज्ञकभेदानां केवलं संकेतमात्रं कृतवन्तः। परञ्च आचार्यकल्याणवर्मणा प्रव्रज्यामधिकृत्य विशेषविवेचनं कृतं यतो हि सूर्यः मानवं तपस्विनं करोतीति सर्वत्र वर्णितमस्ति परं सः कीदृशीं तपस्यामाचरतीति स्पष्टयन् कल्याणवर्मा सारावल्यां कथयति यत् -

अग्नीनां परिचारका गिरिनदीतीराश्रमे तापसाः ,
सूर्याराधनतत्परा गणपतेर्भक्ता उमायाश्च ये ।
गायत्रीं जपतां वने नियमिनां गंगाभिषेकार्थिनां ,
कौमारव्रतमिच्छतामधिपतिस्तेषां सदाभासाकरः ।।[3]

अर्थात् प्रव्रज्यानिर्धारणावसरे सूर्येण प्रभावितः मानवः अग्न्युपासकः (अग्निहोत्री) पर्वते नदीतटे वा स्थिताश्रमे निवसति , सूर्योपासकः , गणपतेः पार्वत्याश्च भक्तः , गायत्रीजपनिरतः, वनस्थः नियमान् पालयति , गंगास्नानार्थी , ब्रह्मचर्यव्रतयुक्तः , तपस्वी च भवति । अर्थात् एतेषां सर्वेषां तपस्वीनाम् अधिपतिः सूर्यः वर्तते ।

- चन्द्रेण मानवः कपालिको भवतीति प्रायशः सर्वेषामाचार्याणां मतमस्ति परञ्च आचार्यकल्याणवर्मा विस्तारयन् प्रतिपादयति यत् चन्द्रेण (वृद्धः) वृद्धावस्थायां सन्यासी , धर्मशास्त्रश्रवणतत्परः ब्राह्मणः (श्रावकः), भस्मलेपधारी, शैवः, आचारविरहितः, वाममार्गी,

शाक्तः, उदासीनः, सोमागमानुयायी, निष्ठुरः, खट्वांगधारी च मानवो भवति । अतः एतेषां स्वामी ग्रहः चन्द्रो वर्तते । तद्यथा –

वृद्धश्रावकभस्मधूलिवलाः शैवव्रते ये स्थिता
बाह्याः पातकितां गता भगवतीभक्ताश्च निःसंगिनः ।
सुद्धान्ते खलु सोमनाम्नि निरताः कापालिका निष्ठुराः
तेषां नायकतां गतः शशधरः खट्वांगपाणिद्युतिः ।।[4]

- सारावल्यनुसारेण रक्ताम्बरप्रव्रज्याप्रदायकेन भौमेन मनुष्यः बौद्धमतानुयायी, शिखाविरहितः, पाण्डरभिक्षुः, उत्तमवस्त्रधारी, लोहितपटान्वितः, जितेन्द्रियश्च भवति। एषां समेषां अधिपो भौमो विद्यते।[5]
- यदि बुधेन प्रव्रज्या प्राप्यते तर्हि मानवः विषचिकित्सकः , मयूरपक्षधृत् , मयूरपक्षेण तान्त्रिकक्रियाकर्ता च भवति।[6]
- कषायवस्त्रधारी , एकं त्रयं वा दण्डभृत , वानप्रस्थी , दुग्धाहारी फलाहारी वा भिक्षुः, गृहस्थाश्रमे स्थितोऽपि नियमरतः, सद्ब्रह्मचारी, तीर्थस्थः स्नातकः च गुरुणा मनुष्यो भवति।[7]
- शैवयज्ञे, शैवदीक्षायां, शैवव्रते वा संलग्नः, वैष्णवसाधूनां मुख्यः वा मानवः शुकेण भवति।[8]
- शनिप्रव्रज्यायां पाषण्डः (सर्वलिङ्गिन्), दिगम्बरः, भिक्षुः, बौद्धभिक्षुः, वृक्षमूलनिवासी, कठिनतपनिरतः वा जातकः भवति ।[9]

ग्रहानुसारिणीं प्रव्रज्यामवलम्ब्य आचार्यैः बहुविवेचनं कृतं तथा तत्र केषां देवानां भक्तिः भवतीत्यस्य दिग्दर्शनमात्रं कृतम्। क्रमेऽस्मिन् बृहज्जातकस्य टीकायां भट्टोत्पलेन कस्यचिद् आचार्यस्य मतमधिकृत्य प्रव्रज्यानां देवाः उल्लिखिताः सन्ति। तद्यथा - सूर्यस्य प्रव्रज्यायां जलण (साग्निकः) अग्न्युपासकः चन्द्रप्रव्रज्यायां हर (शिवभक्तः) मंगलस्य प्रव्रज्यायां सुगअ(बौद्धः) बुधस्य प्रव्रज्यायां केसव(केशवभक्तः) गुरुप्रव्रज्यायां सूई (श्रुतिमार्गगतः,मीमांसकः) शुक्रप्रव्रज्यायां ब्रह्मण्ण (वानप्रस्थः) शनेः प्रव्रज्यायां णग्ग(क्षपणकः) मानवः भवति। प्रव्रज्यायाः देवतानिर्धारणावसरे यदि वयं ग्रहदेवताः स्वीकुर्मश्चेत् तर्हि नास्ति कश्चिद्दोषः। बृहज्जातके ग्रहदेवताकथयन् आचार्यवराहमिहिरः स्पष्टयति – **“वह्नयम्ब्वग्निजकेशवेन्द्रशचिकाः सूर्यादिनाथाः क्रमात्”** अर्थात् सूर्यस्य अग्निः, चन्द्रस्य जलम्, मंगलस्य कार्तिकेयः, बुधस्य केशवः, गुरोः इन्द्रः, शुक्रस्य शचिः(शक्तिः), शनेः ब्रह्मा पूज्याः देवाः सन्ति। वस्तुतः कर्मकाण्डानुसारेण इमे देवाः ग्रहाणां प्रत्यधिदेवताः सन्ति अन्तरत्वेन तु मंगलस्य पृथ्वी तथा शनेः प्रजापतिरेव दृश्यते। तत्र कर्मकाण्डविधौ ग्रहाणाम् अधिदेवताः अपि

ISSN – 2349-3100

प्रतिपादिताः सन्ति ते च क्रमशः शिवः, उमा, स्कन्दः, विष्णुः, ब्रह्मा, इन्द्रः, यमश्च भवन्ति। अतः ग्रहानुसारेण उपर्युक्तेषु एव कश्चिद्देवविशेषः प्रव्रज्यायाः देवः स्यादिति। द्रष्टव्यं चक्रमिदम् -

प्रव्रज्याफलम्	**सूर्यः**	**चन्द्रः**	**मंगलः**	**बुधः**	**गुरुः**	**शुक्रः**	**शनिः**
बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्	तपस्वी	कपालिकः	रक्तवस्त्रधारी	दण्डी	यति (जितेन्द्रियः)	चक्रधारी	दिगम्बरः
फलदीपिका[10]	योगीशः	तीर्थयात्री	बौद्धः, दुर्मन्त्रज्ञः	परम्परातः भिन्नं मतमनुसरति	वेदान्तज्ञः, यतिवरः वा	स्वार्थसिद्धये सन्न्यासरूपयुक्तः न तु वास्तविक-तपस्वी	पाषण्डी, पतितः वा
जातकपारिजातः[11]	वानप्रस्थः	गुरुः (राजसम्पद्युतः)	शक्यः (दुराचारवान्)	जीवकः (केवलम् उदरम्भरः)	भिक्षुः(एकदण्ड-धरः, ब्रह्म-विचारणपरः)	चरकः(नानादेश-प्रवासी)	नग्नशीलः
बृहज्जातकम्[12]	वन्याशनः (मूलफलाशनः, तपस्वी)	वृद्धश्रावकः (कापालिकः)	शाक्य (रक्तपटः)	आजीविकः (एकदण्डी)	भिक्षु (यति)	चरकः (चक्रधरः)	निर्ग्रन्थः (नग्नः)
भट्टोत्पलटीकायां प्रव्रज्यायाः देवताः	जलण (साग्निकः)	हर (शिवभक्तः)	सुगअ (बौद्धः)	केसव (केशवभक्तः)	सूई (श्रुतिमार्गगतः , मीमांसकः)	ब्रह्मण्ण (वानप्रस्थः)	णग्ग (क्षपणकः)
ग्रहाणां देवताः	अग्निः	जलम्	कार्तिकेयः	केशवः	इन्द्रः	शचिः	ब्रह्मा
ग्रहाणाम् अधिदेवताः (कर्मकाण्डे)	अग्निः	जलम्	पृथ्वी	केशवः	इन्द्रः	शचिः	प्रजापतिः
ग्रहाणां प्रत्यधिदेवताः (कर्मकाण्डे)	शिवः	उमा	स्कन्दः	विष्णुः	ब्रह्मा	इन्द्रः	यमः

स्त्रीणां कृते प्रव्रज्यायोगः

स्त्रीणां कृते प्रव्रज्यायोगवर्णनावसरे महर्षिपराशरः विशिष्टं योगं प्रतिपादयति-

क्रूरे सप्तमगे कश्चित् खेचरो नवमे यदि ।
सा प्रव्रज्यां तदाप्नोति पापखेचरसंभवाम् ॥[13]

यस्याः जन्मकाले पापयुतौ सप्तम-नवमभावौ भवेतां सा नारी पापग्रहस्य प्रव्रज्यां प्राप्नोति।

प्रव्रज्यायोगाः

1 चतुर्भिर्ग्रहैः युक्तो दशमेशो यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा स्यात्तर्हि मानवः मुक्तिमार्गनिरतः भवति।

2 राशेः अन्तिमभागस्थं लग्नं यदि शुभग्रहस्य नवांशे अपि स्थितं स्यात्तथा गुरुः केन्द्रे त्रिकोणे वा भवेत्तर्हि संसाराद् मुक्तो मनुष्यो भवति।[14]

3 एकस्मिन् राशौ चतुष्प्रभृतयः ग्रहाः स्युः तदा प्रव्रज्यायोगो भवति, परं कस्य प्रव्रज्या स्यात् इस्यस्मिन् विषये केषाञ्चन आचार्याणां मतमस्ति यत् यदि प्रव्रज्याकारकग्रहेषु दशेमेशः स्यात्तर्हि दशमेशस्यैव प्रव्रज्या भवति।[15] अत्र दशमभावग्रहणस्य कारणमिदं प्रतीयते यद् प्रव्रज्याकारकः प्रमुखभावः दशमभावः एव अस्ति। यतो हि आचार्य वैद्यनाथेन दशमभावः एव प्रव्रज्याभावत्वेन स्वीकृतोऽस्ति।

4 शनेः द्रेष्काणे स्थितः चन्द्रः यदि शनिमंगलाभ्यां दृष्टो भवेत्तर्हि मनुष्यः तपस्वी भवति।

5 मंगलस्य नवांशे स्थितः चन्द्रः यदि शनिना दृष्टः स्यात्तर्हि मंगलस्य प्रव्रज्याम् अंगीकरोति।[16]

6 शनेः द्रेष्काणस्थः चन्द्रः यदि भौम-शनयोरन्यतरस्य ग्रहस्य नवांशे स्थितः स्यात् तथा च शनेः दृष्टिरपि चन्द्रोपरि विद्यात् तदा मानवः शनेः प्रव्रज्याम् अवाप्नोति।[17]

7 यस्य जन्मांगचक्रे लग्नेशेन दृष्टः, निर्बलचन्द्रः स्यात्तर्हि स मानवः तपस्वी, शोकसंतप्तः, धन-जनरहितश्च भूत्वा कष्टेन अन्न-पानदिकं प्राप्नोति।[18]

8 दशमेशेन युताः चत्वारः ग्रहाः यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा स्युः तदा जातकस्य संन्याससिद्धिः भवति।

9 यदि शुभस्थाने बलवन्तः त्रयः ग्रहाः स्थिताः स्युः तर्हि मानवः संन्यासी भवति।

10 यदा शुभग्रहाः अतिशुभस्थानेषु भवेयुः तदा महद्भिः पूजिता प्रव्रज्या प्राप्यते।[19]

11 दशमभावे स्थितमीनराशौ यदि बुधभौमौ भवेतां तर्हि जातकः मुक्तो भवति।

12 अन्यग्रहैः अदृष्टः जन्मराशीशः यदि शनिना दृष्टः स्यात्तर्हि शनि-जन्मराशीशयोः मध्ये यो बलवान् भवेत्तस्यानुसारिणीं प्रव्रज्यां मानवः प्राप्नोति । परञ्च यदि शनिना एव दृष्टः जन्मराशीशः निर्बलः स्यात्तर्हि मानवः शनेः प्रव्रज्यां दधाति।[20]

13 यदि सर्वे ग्रहाः निर्बलाः अस्तंगताश्च स्युः केवलं सूर्यः बलवान् भवेत्तर्हि सूर्यस्य प्रव्रज्यां मानवः प्राप्नोति।[21]

14 यदि प्रव्रज्याकारकाः सर्वेऽपि ग्रहाः बलिनः स्युस्तदा जातकः तेषां सर्वेषां ग्रहाणां प्रव्रज्यां दशानुसारेण क्रमशः दधति ।[22]

15 शनिः यदि गुरु-लग्न-चन्द्रान् पश्येत्तथा च गुरुः नवमभावस्थः स्यात्तदा नृपो भूत्वाऽपि नरः तीर्थकरः (सम्प्रदायस्य प्रवर्तकः) भवति।[23]

16 यस्य जन्मकाले नवमभावस्थः शनिः अन्यग्रहैः अदृष्टः स्यात् स जातकः प्रव्रज्यायुक्तः राजा भवति।[24]

17 ग्रहैरन्यैः अदृष्टः चन्द्रः नवमभावे स्यात्तदा जातः मानवः प्रव्रज्यया दीक्षितः नृपो भवति।[25]

18 ग्रहैरन्यैः अदृष्टः लग्नेशः यदि शनिना दृष्टः स्यात्तर्हि मनुष्यः संन्यासी भवति।

19 निर्बलं लग्नेशं यदि शनिः पश्येत्तर्हि मनुष्यः संन्यासी भवति।[26]

20 दशमभावस्थाः बलिनः त्रयः ग्रहाः स्वोच्चादिवर्गस्थाः स्युः तथा यदि दशमेशः बलाधिकः भवेत्तदा जातकः यतिः तत्तुल्यशीलवान् वा भवति।[27]

21 प्रव्रज्याकारकग्रहाः यदि सूर्य-शनि-मंगलैर्युक्तो भवेत्तर्हि धन-संतान-स्त्रीविरहितः मानवः संन्यासम् अवाप्नोति।

22 शुभनवांशस्थः सूर्यः उच्चान्तगतं ग्रहं पश्येत् तदा जातो नरः बाल्यावस्थायां यौवनावस्थायां वा संन्यासी भवति।[28]

23 स्वोच्चराश्यंशे स्थितः कश्चित् ग्रहः यदि चन्द्रं पश्येत्तर्हि मानवः भिक्षुः भवति।[29]

24 एकस्मिन् राशौ स्थिताः त्रयः त्र्याधिकाः वा ग्रहाः यदि लग्नेश्वरं पश्येयुः तदा जातः मानवः दीक्षितः प्रव्राजकः भवति।[30]

25 यस्मिन् राशौ चन्द्रः स्थितः स्यात् तस्य स्वामिनं यदि शनिः लग्नेशो वा पश्येत् तर्हि जातकः दीक्षितः प्रव्राड् भवति।[31]

एकस्मिन् राशौ केषां चतुर्णाम् अथवा पञ्चानां षण्णां वा ग्रहाणां संस्थितिवशात् कीदृशी प्रव्रज्या भवति ? अस्य सूक्ष्मतया प्रतिपादनं सारावल्यां जातकपारिजाते च समुपलभ्यते। वस्तुतः अत्र विशेषविवेचनस्यास्य कारणमिदमस्ति यद् यथा शुभाशुभयोगेषु ग्रहयुतिवशात् तेषां फलानि प्रभावितानि भवन्ति तथैव प्रव्रज्यायोगेऽपि प्रव्रज्याप्रकृतौ विशिष्टं परिवर्तनं अनुभूयते। यतो हि -

26 प्रबलाः शुक्र-सूर्य-मंगल-शनयः एकस्मिन् भावे व्यवस्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः तपस्वी भवति।

27 प्रबलाः गुरु-सूर्य-मंगल-शनयः एकस्मिन् भावे व्यवस्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः तपस्वी भवति।

28 प्रबलाः सूर्य-चन्द्र-गुरु-शनयः एकस्मिन् भावे व्यवस्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः तपस्वी भवति।[32]

29 सूर्य-चन्द्र-गुरु-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा प्रजातः मनुष्यः मूलफलाशनः तपस्वी भवति।

30 सूर्य-चन्द्र-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा प्रजातः मनुष्यः मूलफलाशनः तपस्वी भवति।

31 सूर्य-मंगल-बुध-गुरवः एकत्र स्थिताः स्युः तदा प्रजातः मनुष्यः मूलफलाशनः तपस्वी भवति।[33]

32 यदि सूर्य-मंगल-बुध-शुक्राः एकत्र स्थिताः स्युः तर्हि मानवः वल्कल-भस्मधारी यतिः भवति।

33 यदि चन्द्र-मंगल-बुध-गुरवः एकत्र स्थिताः स्युः तर्हि मानवः वल्कल-भस्मधारी यतिः भवति।[34]

34 यदि चन्द्र-मंगल-बुध-शनयः एकस्मिन् भावे स्थिताः स्युः तर्हि मानवः शान्तचित्तात्मकः तपस्वी भवति।

35 यदि मंगल-बुध-गुरु-शनयः एकस्मिन् भावे स्थिताः स्युः तर्हि मानवः शान्तचित्तात्मकः तपस्वी भवति।[35]

36 यदा बलवन्तः सूर्य-चन्द्र-बुध-शुक्राः एकस्मिन् भावे स्थिताः स्युः तदा उत्पन्नः मानवः वल्कलधारी, कन्दमूल-फलाहारी यतिः भवति।

37 यदा बलवन्तः मंगल-बुध-शुक्र-शनयः एकस्मिन् भावे स्थिताः स्युः तदा उत्पन्नः मानवः वल्कलधारी, कन्दमूल-फलाहारी यतिः भवति।

38 यदा बलवन्तः चन्द्र-गुरु-शुक्र-शनयः एकस्मिन् भावे स्थिताः स्युः तदा उत्पन्नः मानवः वल्कलधारी, कन्दमूल-फलाहारी यतिः भवति।[36]

39 सूर्य-चन्द्र-मंगल-शुक्राः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः पर्वत-वननिवासी सर्ववन्द्यः तपस्वी भवति।

40 सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुधाः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः पर्वत-वननिवासी सर्ववन्द्यः तपस्वी भवति।

41 सूर्य-गुरु-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः पर्वत-वननिवासी सर्ववन्द्यः तपस्वी भवति।

 ISSN – 2349-3100

42 चन्द्र-गुरु-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः पर्वत-वननिवासी सर्ववन्द्यः तपस्वी भवति।

43 चन्द्र-मंगल-बुध-शुक्राः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः पर्वत-वननिवासी सर्ववन्द्यः तपस्वी भवति।[37]

44 दशमभावे यदि चत्वारः ग्रहाः स्युः तर्हि जातकः संन्यासी भवति।[38]

45 एकस्मिन्नेव भावे सूर्य-मंगल-गुरु-शुक्र-शनयः संस्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः वनवासी पर्वतचारी वा तपस्वी भवति।

46 एकस्मिन्नेव भावे चन्द्र-मंगल-बुध-गुरु-शनयः संस्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः वनवासी पर्वतचारी वा तपस्वी भवति।

47 एकस्मिन्नेव भावे चन्द्र-मंगल-बुध-शुक्र-शनयः संस्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः वनवासी पर्वतचारी वा तपस्वी भवति।[39]

48 सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुध-गुरवः एकस्मिन्नेव भावे स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः अस्त्रनिन्दकः सज्ज्ञानप्रर्वत्तकशास्त्रकर्त्ता मुनि भवति।

49 सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुध-शुक्राः एकस्मिन्नेव भावे स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः अस्त्रनिन्दकः सज्ज्ञानप्रर्वत्तकशास्त्रकर्त्ता मुनि भवति।[40]

50 चन्द्र-मंगल-गुरु-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः दुखितः, दीनः, यती च भवति।

51 चन्द्र-मंगल-बुध-गुरु-शुक्राः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः दुखितः, दीनः, यती च भवति।

52 सूर्य-मंगल-बुध-गुरु-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातः मनुष्यः दुखितः, दीनः, यती च भवति।[41]

53 यदि मंगल-बुध-गुरु-शुक्र-शनयः एकस्मिन् राशौ स्थिताः स्युः तर्हि मनुष्यः जटाधरः वल्कलधारी च संन्यासी भवति।

54 यदि सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुध-शनयः एकस्मिन् राशौ स्थिताः स्युः तर्हि मनुष्यः जटाधरः वल्कलधारी च संन्यासी भवति।[42]

55 सूर्य-चन्द्र-मंगल-गुरु-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातकः सदा तपस्वी मुनिः भवति।

56 सूर्य-चन्द्र-बुध-गुरु-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा जातकः सदा तपस्वी मुनिः भवति।[43]

57 सूर्य-मंगल-बुध-गुरु-शुक्र-शनयः बलिनः स्युः तदा जातकः तपस्विनां मध्ये प्रधानतपस्वी भवति।

58 चन्द्र-मंगल-बुध-गुरु-शुक्र-शनयः बलिनः स्युः तदा जातकः तपस्विनां मध्ये प्रधानतपस्वी भवति।[44]

59 सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुध-गुरु-शुक्राः एकत्र स्थिताः स्युः तदा मानवः विशालनेत्रयुक्तः तपस्वी भवति।

60 सूर्य-चन्द्र-मंगल-गुरु-शुक्र-शनयः एकत्र स्थिताः स्युः तदा मानवः विशालनेत्रयुक्तः तपस्वी भवति।[45]

61 यदि प्रव्रज्याकारकः ग्रहः गुलिकेन अथवा राहुणा, केतुना वा युक्तः स्यात् तथा पापग्रहस्य नवांशे भवेत् तर्हि **आचरणहीनः यतिः** भवति।[46]

62 तद्योगप्रदभावकारकदशाभुक्तौ तदीयं फलम्[47] अर्थात् प्रव्रज्यायोगकारकस्य दशायामेव प्रव्रज्यासम्बन्धिनं फलं मानवः प्राप्नोति।

प्रव्रज्याभंगयोगाः

ज्योतिषशास्त्रे योगविशेषान् उक्तवा तद्भंगकारकयोगाः अपि महर्षिभिः प्रतिपादिताः सन्ति। यथा सन्दर्भेऽस्मिन् अरिष्टयोगाः अरिष्टभंगयोगाः, विषकन्यायोगः विषकन्याभंगयोगः, राजयोगः राजभंगयोगः च परिदृश्यन्ते। यतो हि यदि कस्यचिद् जन्मांगचक्रे प्रव्रज्यायोगः भवेत्तर्हि प्रव्रज्याजन्यफलं प्राप्नोति परं यदा प्रव्रज्याभंगयोगोऽपि विद्यात् अर्थात् प्रव्रज्याविनाशिनी काचिद् ग्रहस्थितिः वर्तेत तदा प्रव्रज्याजं फलमिदं विनश्यति। अतोऽत्र प्रव्रज्याभंगकारकान् योगान् प्रस्तौमि।

- यदि प्रव्रज्याकारकः ग्रहः ग्रहयुद्धे पराजितः स्यात् तर्हि मनुष्यः प्रव्रज्याम् अवाप्य पुनः तां प्रव्रज्यां त्यजति।[48]
- **रविलुप्तकरैरदीक्षिता बलिभिस्तद्गतभक्तयो नराः ।**

अभियाचितमात्रदीक्षिता निहतैरन्यनिरीक्षितैरपि ।।[49] अनेन श्लोकेन आचार्यवराहमिहिरः स्पष्टयति यद् एकत्र स्थिताः बलिनः प्रव्रज्याकारकग्रहाः अस्तंगताः स्युः तर्हि मानवः तद्भक्तियुक्तः तु भवति परञ्च दीक्षितः न भवति । प्रव्रज्याकारकः यदि अन्येन ग्रहेण पराजितो दृष्टश्च स्यात्तहि दीक्षाहेतु प्रार्थ्यमान तु भवति परं तां प्रव्रज्यां न प्राप्नोति । अस्तंगतग्रहविषये मतमिदमेव महर्षिपराशरस्यापि वर्तते।

 ISSN – 2349-3100

- यदि प्रव्रज्यायोगे उत्पन्नस्य मानवस्य जन्मांगचक्रे राजयोगोऽपि स्यात्तर्हि राजयोगः संन्यासजन्यान् सर्वान् अशुभप्रभावान् निहत्य मानवं दीक्षितनृपत्वेन स्थापयति।[50]

अनेन प्रकारेण सम्यकतया प्रव्रज्यायोगं चिन्तयित्वा यदि जीवनस्य प्रारम्भिकावस्थायाम् एव ज्ञानं स्यात् यद् अयं जातकः प्रव्राजकः भविष्यति तर्हि तदाधारेण भावीजीवनस्य आध्यात्मिकौन्नत्यर्थं तद्दिशि प्रयतते चेत् निश्चयेन तस्य जन्म सफलं भवति। ईदृशः यतिः न केवलं स्वहिते संलग्नो भवति अपितु शंकराचार्यवत् धर्मस्य, समाजस्य, राष्ट्रस्य च कल्याणकारकः सिद्धयति। अतः सर्वेषां हिताय प्रव्रज्यायोगज्ञानम् अवश्यमेव कर्त्तव्यम्।

पादटिप्पणयः

1 फलदीपिका
2 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र / 79 /2-3
3 सारावली / 20 / 30
4 सारावली /20 / 31
5 उपासका बुद्धसमाश्रयं गताः शिखां विना पाण्डरभिक्षवश्च ये ।
सुवाससो रक्तपटा जितेन्द्रियाः प्रभुः सदैषां क्षितिजः प्रकीर्तितः ।। सारावली / 20 / 32
6 आजीविनां कुहुकिनां समयाधिकारे , ये दीक्षितास्तनुभृतः खलु गारुडे च ।
तन्त्रे मयूरपिशिताशनयोश्च युक्तास्तेषां शशांकतनयोऽधिपतिर्निरुक्तः ।। सारावली /20 /33
7 एकं त्रीनथवा वहन्ति मुनयो दण्डान् कषायाम्बर
वानप्रस्थमुपागताः फलपयोभक्षाश्च ये भिक्षवः ।
गार्हस्थ्येन तु संस्थिता नियमिनः सद्ब्रह्मचर्यं गता
स्तेषां दण्डपतिः सुरेन्द्रसचिवस्तीर्थेषु ये स्नातकाः । सारावली /20 / 34
8 पाशुपतयज्ञदीक्षाव्रतेषु ये नित्यमेव संयुक्ताः ।
वैष्णवचरकाणामपि तेषां नेता प्रकीर्तितः शुक्रः ।। सारावली /20 / 35
9 पाषण्डव्रतनिरता दिगम्बरा भिक्षवो ये च ।
तेषामधिपतिरार्किः श्रावकतरुमूलिनश्च दुस्तपसः ।। सारावली /20 / 36
10 फलदीपिका / 27 / 5
11जातकपारिजातः / 15 / 16
12 बृहज्जातकम् / 15 / 1
13 बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् / 80 / 53
14 फलदीपिका / 27 / 1
15 फलदीपिका / 27 / 2
16 फलदीपिका / 27 / 3
17 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /8
18 फलदीपिका / 27 / 6
19 फलदीपिका / 27 / 8
20 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /6-7
21 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /5

ISSN – 2349-3100

22 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /12-13
23 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /14
24 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /15
25 जातकपारिजातः / 15 /22
26 जातकपारिजातः / 15 /40
27 जातकपारिजातः / 15 /17
28 जातकपारिजातः / 15 /18
29 जातकपारिजातः / 15 /19
30 जातकपारिजातः / 15 /19
31 जातकपारिजातः / 15 /20
32 जातकपारिजातः / 15 /24
33 जातकपारिजातः / 15 /32
34 जातकपारिजातः / 15 /33
35 जातकपारिजातः / 15 /33
36 जातकपारिजातः / 15 /33
37 जातकपारिजातः / 15 /33
38 जातकपारिजातः / 15 /25
39 जातकपारिजातः / 15 /27
40 जातकपारिजातः / 15 /28
41 जातकपारिजातः / 15 /37
42 जातकपारिजातः / 15 /38
43 जातकपारिजातः / 15 /30
44 जातकपारिजातः / 15 /31
45 जातकपारिजातः / 15 /39
46 जातकपारिजातः / 15 /41
47 जातकपारिजातः / 15 /19
48 बृहत्पाराशरहोराशास्त्र /79 /11
49 बृहज्जातक / 15 /2
50 फलदीपिका / 27 / 7

अं. सहायकाचार्यः, ज्योतिषविभागः
भोपालपरिसरः, केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

❖ ❖ ❖ ❖ ❖❖ ❖ ❖ ❖ ❖

ISSN – 2349-3100

वैदिक युगीन नारियों का अधिकार

✍डॉ- रंजय कुमार सिंह

प्रस्तावना -

संहिता काल में 'नारी' समाज की सामाजिक, मानसिक, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक स्थिति को जानने हेतु 'नारी' के लिए प्रयुक्त कतिपय शब्दों का दिग्दर्शन कराना आवश्यक है। 'नृ' अथवा 'नर' से बना 'नारी' - शब्द निःसंदेह यजुः संहिता में बहुत ही कम प्रयुक्त हुआ है। साम-संहिता में तो इसका प्रयोग हुआ ही नहीं। जहाँ तक अथर्व-संहिता का सम्बन्ध है, उसमें 'नारी' और 'नारि' दोनों पदों का सात-सात बार प्रयोग हुआ है। ऋक् संहिता में 'नारी' शब्द का प्रयोग बहुतायत रूप में हुआ, जिसका फल है कि, संहिताकाल के परवर्ती वाघ्मय में 'नारी' शब्द मुख्य विषय का केन्द्र बन गया।

महर्षि यास्क ने 'नारी' के मूलभूत शब्द 'नर' की व्युत्पत्ति नृत् (नाचना) धातु से करते हुए अपनी रचना 'नाराः मनुष्याः नृत्यन्ति कर्मसु' कहा है। अतः नारी शब्द भी अपने मूलभूत शब्द 'नर' के कारण उपर्युक्त विशेशणों से अलंकृत था और वह भी नर की तरह समाज मे अपने सभी अधिकारों का प्रयोग करके अर्द्धनारीश्वरत्व की परिकल्पना को सार्थक करता था।

ऋक् संहिता में 'नृ' से बने 'नर' और 'नारी' का प्रयोग वीरता का कार्य करने, दान देने एवं नेतृत्व करने के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। संहिताओं में नर के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर घर का कार्य करने यज्ञ करने दान देने अतिथियों, साधुओं, भिक्षुओं का स्वागत सत्कार करने तथा युद्ध अपने पति के साथ जाने के वृत्तान्त उपलब्ध है जिसमें उस समय की वस्तु स्थिति का परिज्ञान हो जाता है। विवाह काल में कन्यादान और पाणिग्रहण के बाद 'लाजा-होम' के अवसर पर कन्या के लिए सर्वप्रथम 'नारी' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'नारीत्व' की भावना आते हीउसके मुख्य से निकल पडता है -आयुष्यमानस्तु में पतिः, 'एधन्यतां ज्ञातयो मम'। 'नारी' होने के बाद ही वस्तुतः उसे सौ भाग्य की प्राप्ति होती हे। अथर्व संहिता में " स्व इकारान्त नारि शब्द का प्रयोग हुआ है। सायण के मत से 'नारि' का भाव नरो का उपकार करने से वैदिक संहिता काल में माता की प्रतिष्ठा अपनी पराकाष्ठा पर थी। कन्या के विवाह में माता का निर्णय ही अंतिम होता था। दार्म की कन्या के साथ श्यावाश्व का विवाह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि विवाह संस्कार तब तक नहीं हुआ जब तक माता नें आज्ञा न हीं दी। माता-पिता के समास में भी माता को प्रथम स्थान पर रखना इस बात को सिद्ध करता है कि संहिता काल में माता की प्रधानता थी। अथर्व संहिता में वेदमाता को सम्बोधित करते हुए कहा गया है -हे मातः मेरी स्तुति से प्रसन्न होकर आप मुझे आयु, प्राण, सन्तान, पशु, कीर्ति, धन, ज्ञान, बल के साथ ब्रह्मलोक की प्राप्ति करायें। ऋक् संहिता में सिन्धु, सरस्वती और सरयु नदियों को जीवन दायिनी माता कहा गया है। इस साक्ष्य के आधार पर यह दावे के साथ कहा जा सकता है कि उस समय 'नारी' सुरक्षिता नही, स्वरक्षिता थी। सु-समाजी संरचयित्री 'नारी' की सौम्यता, सौष्ठव

का सौरभ सम्पूर्ण समाज को सुरभित करता था । कमनीयता की मूर्ति कन्या को कल्याण कारिणी पावनता की आगार पतिव्रता 'नारी' को पथ-प्रदर्शिका तथा दया, करुणा की अवतार शुद्धता नैतिकता का आधार, ममतामयी माता को महाशक्ति एवं महा क्रान्ति के रूप में सम्मान दिया जाता था । समन्वय संस्कृति का जो स्वरूप वैदिक-संहिता वाघ्मय में दृगोच्चर होता है, इसमें समता-ममता दोनों है । सन्नति के संवर्धन में माता-पिता के सहयोग, सहजीवन एवं दोनों की पारस्परिक निष्ठा को आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी माना है 'नारी' समाज द्वारा वैदिक संहिताओं के साक्षात्कृत उन सुक्तों के आधार पर यहाँ तात्कालिक सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप का दिग्दर्शन कराया गया है । दिग्दर्शनशब्द का प्रयोग सार्थक है, क्योंकि वैदिक संहिताओं का संदेश सच्चिदानंद परमपिता परमात्मा का परमपवित्र उपदेश है, क्योंकि वैदिक संहिताओं का संदेश संच्चिदानंद परमपिता परमात्मा का परमपवित्र उपदेश है, जिसके सम्बन्ध में अथर्व संहिता के एक मंत्र में कहा गया है-"है मानव ! इश्वर के काव्य (वेद) को देखो, जो सदा एक-रस बना रहता है, कभी नष्ट नहीं होता और न पुराना ही होता है" इससे स्पष्ट होता कि, उस समय 'नारी' को ही भुक्ति-मुक्ति की युक्ति माना जाता था और मानव-समाज ज्ञान हेतु माता सरस्वती की शरण में जाता था । शारीरिक बल-संवर्द्धन हेतु माता दुर्गा तथा धनेच्छा से प्रेरित होकर महालक्ष्मी को माँ कहकर पुकारता था । तात्कालिक समाज को समझने के लिए उस समय के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक व्यवस्था को समझना जरुरी है ।

सामाजिक व्यवस्था -

वैदिक संहिता युग में 'नारी' समाज की नींव कन्या (पुत्री) की सामाजिक समस्याओं का जैसा सजीव चित्रण संहिता -संदेश वाहिका ब्रह्मवादिनी, ब्रह्मचारिणी, घोषा ने ऋक् संहिता के दशम मंडल के 39 वे तथा 40 वें सुक्त में किया है, वैसा सुंदर वर्णन यदि अन्यत्र असंभव नहीं तो दुर्लभ अवश्य कहा जा सकता है । ऋग्वेद सूक्त की द्रष्टी 'घोषाकाक्षीवती' है, देवता अश्विनी कुमार है तथा इस सुक्त का छंद जगती और त्रिष्टुप् है । ऋक् संहिता के दशम मंडल के 40 वें सूक्त के 5 वें मंत्र में घोषा अपने नाम के उच्चारण के साथ स्पष्ट घोषणा करती हुई कहती हे - 'हे अश्विनी कुमारों ! मै राजपुत्री (घोषा) सर्वत्र स्वच्छंद विचरण करती हुई आपका गुणानुवाद करती हुँ और निरंतर आप के बारे में ही चिंतन करती हुँ' । मै (घोषा) सब प्रकार से सौभाग्यवती हूँ मुझे मनोनुकूल वर (पति) मिल गया है । ऋक् संहिता के दशम मंडल के 40 वें सूक्त कन्या की स्वतंत्र भावनाओं का प्रतीक है, जहाँ 11 वें मंत्र में घोष कहती है - 'जो पति मुझे चाहनेवाला हो, उसी बलशाली के घर मैं जाउं' । 12 वे मंत्र में पति की प्रियतमा होने की 13 वें मंत्र में पति के लिए धन संतान की एवं घर में बाधाओं को दूर करने का निवेदन, संहिता कालीन स्त्री-समाज का समृद्धि एव सौख्य का प्रमाण है । ऋक् संहिता काल के दशम मंडल के सूक्त 39 एवं 40 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि संहिता काल में कन्या की शिक्षा-दीक्षा पुत्रें समान ही होती थी । बेटे के समान

 ISSN – 2349-3100

ही लालित-पालित-पोषित पुत्री (घोषा) परपिता महर्षि कुशिवान् की तरह इसके चाचा दीर्घश्रवा का भी स्नेह था। ऋक् संहिता के अष्टम् मंडल के 91 वें सूक्त की द्रष्ट्री ब्रम्हवादिनी 'अपाला' है। अपनी तपश्चर्या से 'अपाला' से सुपाला बनने वाली इस कन्या रत्न ने उपर्युक्त सूक्त के सातों मंत्रे का साक्षात्कार किया है। सोमरस पायी इन्द्र ने प्रसन्न होकर त्वचा दोष (कोढ) को दूर करके 'अपाला' के शरीर को सूर्य के समान देदिप्यमान कर दिया है। इस त्वचा-दोष (कोढ) निवारण के पीछे तात्कालिक एक बडी सामाजिक समस्या का संकेत संन्निहित है, जो सर्वगुण संपन्न साध्वी 'अपाला' को झकझोर देता है। अपने पिता महर्षि अत्रि की आश्रम अपने कल-नाद से निनादित करने वाली, अपने वैदुष्य से उस समय की वैदक-मंडली में अपना एक विशिष्ट स्थान बनालेने वाली, यह ऋषि कन्या अन्ततोगत्वा अपने ब्राम्हा-सौन्दर्य के अभाव में अपने पति कृशाश्व के मन में कटुता के बीच वपन कर देती है। संहिता काल में कन्याओं का अपने मातृ-पितृ -कुल के प्रति कितना आदर एवं ध्यान था, इसका मुल्यांकन 'अपाला' द्वारा दृष्ट मंत्र 5 और 6 से किया जा सकता है, जब वे इन्द्र से वरदान माँगते हुए कहती है - 'हे इन्द्र सर्वप्रिाम मेरे पिता अत्रि के खल्वाट सिर पर केश हो जाएं, मेरे पिता के ऊसर खेत उपजाउ हो।' अंत में अपने शरीर के कुष्ठ को दूर करने की याचना करती है। इससे स्पष्ट है कि उस समय 'नारी'-जीवन अपनी पवित्रता थी, जिसके बल से 'नारी'-पुरुषवर्ग की उपेक्षा का उत्तर देने में अबला नहीं, सबला मानी जाती थी। 'अपाला' ने अपने पिता के संतप्त हृदय को जहाँ अपनी अगाध ज्ञान-जलराशि में निमग्न कर शांति किया, वही उसने अपने पति देव के इस भ्रम को भी दूर कर दिया कि 'नारी' 'नर' के बिना नगण्य है। धन्य रही 'अपाला' जिसने अपने दिव्य तेज से देवराज इन्द्र को अपनी तपस्या से प्रसन्न कर 'नारी' की स्वतंत्र भावनाओं के भव्य भवन में बैठकर अपनी सदिच्छा को साकर कर दिया।

राजनैतिक व्यवस्था -

ऋक् संहिता के दशम मंडल के 60 वें सूत्र की द्रष्ट्रि गोपायनों की माता (अगस्त्य-स्वसा) मानी जाती है। इस सूक्त की छठिं ऋचा में आप तत्कालीन 'असमति' नामक नरेश को संबोधित करती हुई कहती है - 'हे राजन, महर्षि अगस्त्य के धेवतों (दौहित्रैं) के हितार्थ रक्तवर्णवाले अश्वों को रथ में योजित कर अत्यंत लोभी, अदानशील व्यक्तियों पर विजय प्राप्त करें'' । संहिताकाल की राजनीति में 'नारी' समाज की सच्ची पैठ थी, इस बात की पुष्टि इस सुक्त में वर्णित उपर्युक्त विवरण से होती है। कैसे शासक के प्रति जनता आकृष्ट होती है, जिसके आगे शत्रु अनायास ही नतमस्तक हो जाते है, इसका विशद एवं सुंदर चित्रण यहाँ किया गया है, जो उस समय की जागरुक 'नारी' की राजनैतिक सूझ-बूझ का सबल प्रमाण है। ऋक् संहिता को सर्वाधिक चर्चित अदिति ने सूक्त का साक्षात्कार किया है। जिस वृत्रसूर नामक दैत्य की जनविरोधी गतिविधियों का सम्यक रूप से निरूपण किया गया है। देवासुर-संग्राम की सूत्रधात्री अदिति ही हे। कश्यप ऋषि की दो पत्नियों में दूसरी पत्नी का नाम 'दिति' था। जिसके गर्भ से दैत्य उत्पन्न हुए और अदिति के गर्भ से देवों का जन्म हुआ। दैत्यों के समाज-विरोधी कार्यो का विरोध ही देवासुर-संग्राम का

मुख्य कारण था । इस सूक्त में अदिति का आशय स्पष्ट है की जनता का उत्पीडन करनेवाली बडी से बडी शक्ति का भी ध्वसं हो जाता है, जैसे विश्वव्यापी प्रभृत्ववाले वृत्रसुर का इन्द्र के हाथों वध हुआ। ऋक् संहिता के दशम मंडल के 154 वें सूक्त की द्रष्ट्रि ऋषिका यमी है । इस सूक्त की तृतीय ऋचा में यमी उस समय की मान्यता के अनुसार युद्ध में प्राण देनेवाले व्यक्ति को श्रद्धा और सम्मान देती है । देश, जाति और धर्म की रक्षा हेतु प्राणोत्सर्ग करना संहिता काल में एक पवित्र कार्य माना जाता था, इस बात की ध्वनि, सूक्त मे मिलती है । अच्छे कार्य के लिए प्राणों का बलिदान उस समय की राजनीतिक विशेषता थी, जिसे यमी ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से देखा है । संहिता कालिन 'नरी की पैठ राज नीति में भी पुरुष वर्ग के तुल्य ही थी, इसकी पुष्टि उपर्युक्त विवरण से होती है । गापायनों की माता ने अपने द्वारा दृष्ट सूक्त में असमाति नामक नरेश के उल्लेख के तात्कालीन राजा के वैशिष्ट्य का वर्णन किया है । शत्रुनाशक, प्रजा रंजक ही राजा होता था, जो जनपदों पर अपना प्रभुत्व रखता था । अदिति ने तत्कालीन राजनैतिक व्यवसथा की ओर ध्यान दिलाते देवराज इन्द्र की प्रशंसा की है, जिन्होंने वृत्रसुर व्यंस नामक दैत्यों के दमन के साथ ही उच्छ्रृंखल 'कृषवा' नाम्नी राक्षसी को भी अनुशासित किया था । अदिति द्वारा दृष्ट सूक्त का छठी ऋचा के पीछे एक कथानक छिपा है जो इस प्रकार है - एक बार वामदेव ऋषि ने अपनी माता का अपमान कर दिया । अपना दुःख कहने के लिए वह अदिति के पास आयीं । वामदेव को सम्बोन्धित करते हुए अदिति ने कहां, 'हे विद्वन् नदियों का यह कल-कल नाद कहता है कि उत्पीड़न करनेवाले व्यक्ति का संहार दैत्य वृत्रसुर के समान होता है । आदिति का भाव स्पष्ट है, सामाजिक नियमों को तोड़ने के कारण ही वृत्रसुर का वध राजा इन्द्र ने किया था और अब तुम भी मातृ अपमान से सुव्यवस्था को दुशित कर रहे हो, तुम्हारे लिए भी वही व्यवस्था जो वृत्रसुर के लिए रही है । सार्वभौमिकता के लिए शासक के पास जिन अनिवार्य तत्त्वों की आवश्यकता होती है, उन सब का संकेत मंत्र दृष्टियों ने अपने अपने सूक्तों में किया है । राजा (शासक) जन (जनपद), नदी, पर्वत, शास्त्रस्त्र के साथ जन-सहयोग आदि की चर्चाएं उपर्युक्त सूक्तों में की गयी है, जिनसे 'नारी' का राजनीतिक स्थिति का आभास हो जाता है ।

धार्मिक व्यवस्था -

धृ धातु से निष्पन्न होने वाले धर्म शब्द को व्यापकता की स्त्रेत वैदिक संहिताएं ही है । धर्म क्या है, अधर्म क्या है, इस जिज्ञासा के समाधान में संहिताओं का साक्ष्य ही परम प्रमाण माना गया है । अभ्युदय और निःश्रेयस को प्राप्त कराने का साधन संहिताओं में सार्वभौमिकता का अमर सन्देश है, जिसके फलस्वरूप आज ये संसार के सम्पूर्ण धार्मिक सिद्धान्तों की उपजीव्य मानी जाती हैं। संहिताकाल में 'नारी' नर की परामर्श दात्री मानी जाती थी, जिसे नर के प्रत्येक धार्मिक कार्य में एक साथ बैठने, कार्य करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था _ क्योंकि वह सहधर्मिणी थी । ऋक् संहिता में पत्नी को पति का 'नेम' अर्थात आधा अंग कहा गया है । संयुक्त रूप में यज्ञानुष्ठान संयुक्त रूप में अग्निहोत्र, पृथक् रूप में भी 'नारी' को यज्ञ करने

का अधिकार सूक्त द्रष्टी विश्ववारा प्रतिदिन यज्ञ करती थी, आदि वैदिक प्रमाणों से पता चलता है कि उस समय 'नारी' को नर के समान ही धार्मिक कृत्यों के संपादन की पूर्ण सुविधा थी । पाणिग्रहण एक धार्मिक कृत्य है, जिसमें कन्या 'सप्तपदी भव' ऐसा कहने पर पुरुष के सामने अपने धार्मिक कृत्यों के साथ अन्य अधिकारों की मांग करती हुई कहती है - 'आप यज्ञ, दान, व्यवसाय, अन्य सामाजिक कर्मो में मुझे सहयोगी समझने और मेरी संपत्ति का आदर करने का यदि वचन दे, तो मैं आपकी वामंगी बनने को तत्पर हूँ' । ऋक् संहिता दशम मंडल के 125 वें सूक्त की दृष्टी 'वागाम्भृणी' हैं, जिनमें संगठन करने की अद्भूत शक्ति है । दैवी गुणों से सम्पन्न इस 'नारी' ने राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने को सर्वोत्तम धर्म माना है । संगठन शक्ति के रूप में अपना परिचय देती हुई वे कहती है 'मैं राज्यों की अधिष्ठात्री एवं धन प्रदानी हूं । मैं ज्ञान से अलंकृत तथा यज्ञों में प्रयुक्त होनेवाले सभी साधनों में सर्वोत्तम हूं । मैं प्राणि मात्र मे निवास करती हूँ । देवताओं ने तुझे महत्व देते हुए अनेक स्थानो पर स्थापित किया है" । 'नारी' का अद्भूत शक्ति का प्रतिपादन करने के साथ ही सूक्त दृष्टि का विचार स्पष्ट है की, शरीर में नाडी जिस प्रकार गतिमान है, उसी प्रकार समाज में 'नारी' क्रियाशील है प्राण धारणा, श्रवण, दर्शन, भोजन आदि की संपूर्ण व्यवस्था 'नारी' धर्म की धुरी के चारों ओर व्यवस्थित है । यही कारण है की प्रस्तुत सूक्त के चतुर्थ मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि, 'हे विज्ञ ! मैं जो कहती हूं, यह पूर्ण यथार्थ है, मुझे न मानने वाले क्षीणता को प्राप्त होते है' । 'नारी' नरत्व की नींव है इसके प्रतिपादन में कहा गया है, 'मैं' देवता और मनुष्यों के परम पुरुषार्थ का उपदेशिका हूँ । मेरी कृपा से ही लोग बलवान, मेधावी, स्तोता ओर कवि बनते है । देवताओं की स्तुति करना संहिता काल में एक आवश्यक धर्म माना जाता था । स्तुति न करने वाला व्यक्ति राजा का कोप भाजन बनता था । वागाम्भृणी की उक्ति है कि 'मैं जब सृजन कार्य करती हूँ, तो मेरी गति वायू के समान होती है । मैं अपने महत्वपूर्ण कार्यों से महिमामयी होकर आकाश, पृथ्वी की सीमाओं को भी लांघ चुकी हूँ' । संहिता कालीन धार्मिक भावना की पहली विशेषता है कि उसमें सार्वभौमिकता है, संकीर्णता नही ।

इस धर्म की दूसरी विशेषता है कि यह परमपिता परमात्मा को ही अपना परमलक्ष्य मानने की सम्मति देता हुआ कहता है, 'त्वं ही नः पिता वसो, त्वं माता शतक्रतो वभूविथ, अथा ते सुम्न ममहे' । अर्थात है सबको वास देने वाले प्रभु आप ही हामरे सच्चे पिता तथा कल्याणकारी माता है, इसलिए हमें शरण दे । अपने सुकर्म तथा दुष्कर्म के फल का भोक्ता अकेला व्यक्ति ही होता है इसलिए सत्कार्य करना चाहिए, यह तीसरी विशेषता है । चौथी विशेषता यह है कि वैदक धर्म नर 'नारी' के संपूर्ण जीवन को वर्णाश्रम व्यवस्था कर देता है, जिससे शिक्षा, रक्षा जीविका तथा कला कौशल के निर्वाह के साथ ऐसी सुदृढ स्थिति बनती है, जिसका पराभव असंभव नही तो कठिन अवश्य माना गया है । पाँचवी विशेषता है की, प्रत्येक बात को पहले बुद्धि की कसौटि पर परख कर ही उसमें प्रवृत्त होने की अनुमति यह धर्म देता है । धर्म, अर्थ, काम को समभाव से सेवन करने की आज्ञा देनेवाली संहिताएं मुक्ति को परमलक्ष्य घोषित

करनेवाली ऋचाएं ही मानवीय ज्ञान की आदि स्त्रेत है - यह स्वीकृति ही धर्म की छठी विशेषता है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि उस समय 'नारी' की धार्मिक स्थिति अच्छी थी, जिसका उत्तरोत्तर " स होता गया ओर 'नारी' को 'नर' के तुलना मे ही मानने की भावना बलवती हो गयी।

आर्थिक व्यवस्था -

संहिता का लीन 'नारी' की आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ कहना कठिन है। एक और ऋक् संहिता में नव वधु को घर की साम्राज्ञी कह कर आदर दिया गया है, तो दूसरी ओर उसे तैत्तरीय संहिता में तस्मात् स्त्रियों निरिन्द्रिया अदायादीः एवं मैत्रयणी संहिता में पुमानदायाद स्त्री 'अदायादी' कहकर 'नर' 'नारी' के आर्थिक अधिकारों के बीच एक-एक गहरी खाई खोद दी गयी है।

अभ्रातृका कन्याओं का दायभाग पर कोई अधिकार नहीं था। विवाह के समय भेट रूप में मिलने वाले उपहारो पर 'नारी' के अधिकार का वर्णन है। विवाह के समय मिलनेवाली इस संपत्ति को 'पारिणाह्न' कहा जाता था, जिसकी ओर संकेत करते हुए तैत्तरीय संहिता में कहा गया है 'पत्नी वै पारिणाहस्य ईशः' अर्थात उपहार के रूप में मिलने वाली वस्तुओं पर 'नारी' का पूर्ण अधिकार था। वहीं पर विधवा 'नारी' को धन प्रदान करने की बात अथर्व संहिता में कही गयी है। इसके अतिरिक्त कुमारी कन्याएं जो वृद्धावस्था तक पिता के घर ही रहकर जीवन यापन करती थी, उनकी ओर से पिता की संपत्ति में अधिकार प्राप्ति हेतु ऋक् संहिता तथा अथर्व संहिता में प्रार्थना की गयी है। वैदिक संहिताओं में स्त्री धन की उपर्युक्त चर्चाओं के आधार पर यह कहा जा सकता है कि 'नारी' को आर्थि स्थिति स्वतंत्र रूप में नगण्य थी _ परन्तु पिता, पति एवं पुत्र की छत्र छाया में रहते हुए उसे सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक अधिकारों की तरह आर्थिक अधिकारों के उपभोग की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त थी, जो परिवार की समस्त व्यवस्था पर नियंत्रण करती हुई आर्थिक संतुलन अनाए रखने हेतु पति का सहयोग करती थी। ऋक् संहिता दशम मंडलका 108 वां सूक्त ऋषि का देवशुनी सरमा द्वारा द्रष्ट है। इस सूक्त में मंत्र द्रष्टी सरमागोधन का पता चलाने हेतु गुप्तचर का कार्य करती है। वस्त्र निर्माण करनेवाले 'नर' या 'में नारी' किन-किन गुणों की आवश्यकता होनी चाहिए इसका प्रतिपादन ऋक् संहिता में करते हुए कहा गया है 'वस्त्र बुनने वाले को बुद्धिमान, कार्यकुशल, भद्रभावना आदि गुणों से बने हुए देशी वस्त्रें में सद्विचारों की शिक्षा निहित रहती थी। सेनानायक चमकदार कपड़े पहनते थे, इस सम्बन्ध में ऋक् संहिता के नवम मंडल में उल्लेख है। उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि, उस समय 'नारी' समाज अपने घर की आर्थिक स्थिति ठीक रखने के लिए गोपालन के अतिरिक्त चर्खे की सहायता से सूत कातना था और खुड्डी (खड्डी) का वस्त्र निर्माण करना था।

सांस्कृतिक व्यवस्था -

ऋक् संहिता के नवम मंडल के पांचवे सूक्त में अपने अभीष्ट की पूर्ति में संस्कृति के मूलभूत तीन तत्वों (देश, भाषा, धर्म) का आह्वान करते हुए कहा गया है - हमारे इस योग में ये तीनों देवियां आगमन

करें । मातृभाषा संस्कृति (धर्म) तथा मातृभूमि के रूप मे आयी ये त्रिमूर्तियाँ निः संदेह उस समय की 'नारी' की सांस्कृतिक स्थिति की सुव्यवस्था की ओर संकेत करती है । ऋक् संहिता के प्रथम मंडल के 13 वे सूक्त में इला, सरस्वती, मही को तीन कल्याणकारिणी देवियों की संज्ञा देते हुए इनसे प्रार्थना की गयी है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा को संकट में डालने वाले कुशासकों पर नियंत्रण करें । ऋक् संहिता के प्रथम मंडल के 179 वें सूक्त की द्रष्ट्री लोपामुद्रा ने अपने वर्ण्यविषय में देशभक्ति के गुणों से अलंकृत एक ही संतति को श्रेष्ठ माना है । अपने पतिदेव (अगस्त्य) के पूछने पर लोपामुद्रा ने उत्तर दिया - हजारो पुत्रें की अपेक्षा एक ही देशभक्त, समाजसेवी, चरित्रवान, विद्वान पुत्र अच्छा है । मैं हजार निकम्मे तथा मूर्ख पुत्रें को लेकर क्या करुँगी ? नारी समाज में अपने देश की रक्षा के भाव बडे ही प्रबल थे । ऋक् संहिता में अपने राष्ट्र की रक्षा हेतु नारियों द्वारा आयुध धारण करने का संकेत है । इंद्र - 'नारी' सेना को अबला सेना की संज्ञा देते है । अम्भृणी ऋषि की पुत्री ऋक् संहिता दशम मंडल के 125 वे सूक्त में वाणी (मातृभाषा) के महत्व का प्रतिपादन करती हुई कहती है - यह वाणी ही राज्यों की अधिष्ठात्री है, इस की कृपा से मानव बलवान, मधावी या कवि हो सकता है । यह सत्य है कि मातृभाषा के ज्ञान से ही सही मार्ग देखा जा सकता है । ऋक् संहिता के पंचम मंडल के 28 वे सूक्त में - विश्ववारा ने अग्निदेव से प्रार्थना करते हुए कहा है, -अग्निदेव ! स्त्रियां अखंड सौभाग्यवाली हों और दूसरे लोगों की भलाई में तत्पर रहे । अथर्व संहिता में मातृभाषा वेदमाता की स्तुति की गयी है कि वे स्तुति गायक को आयु, संतान, कीर्ति, धन, ज्ञान, प्रदान करें । ऋक् संहिता दशम मंडल के 109 वे सूक्त की द्रष्ट्री 'जुहू' है, जो ब्रम्हजाया के नाम से भी जानी जाती है । आपने अपने द्वारा इष्ट सूक्त की पाँचवी, छठी तथा सातवीं ऋचा में तत्कालीन सांस्कृतिक विचारों का सम्यक निरूपण किया गया है । सामान्य व्यक्ति की तरह उस समय अपनी विवाहिता 'नारी' का परित्याग करनेवाला बृहस्पति भी दण्डित होता था । नैतिक वाद की चकाचौंध में फलने वाले को निंदनीय माना जाता था, क्योंकि वह ईश्वरीय आदेशों का उल्लंधन करता था । धर्म कर्म को भूलकर कुमार्ग गमन करनेवालों सन्मार्ग पर लाने का कार्य विद्वमंडली करती थी । ऋक् संहिता दशम मंडल के 151 वे सूक्त की द्रष्ट्री ऋषिका श्रद्धा (कामायनी) है । तत्कालीन संस्कृति का पता चलता है, जिसका उस समय के समाज मे श्रद्धा के रूप में समादार था ।

निष्कर्ष -

स्वरूप कहा जा सकता है कि वैदिक संहिता काल की 'नारी' को तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक स्थितियों का पूर्व ज्ञान था ओर 'नारी' समाज पुरुष वर्ग की तरह ही स्वतंत्रता पूर्वक राष्ट्र निर्माण में योगदान करता था ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची -

1. वैदिक संहिताओं मे नारी - पृष्ठ सं- 153- अथर्व-(10/8/132) ऋ-(10/71/2) यजु- (22/22), ऋ-(1/13/9)

ISSN – 2349-3100

2. सामाजिक व्यवस्था - पृष्ठ सं- 155, 156,157-, अथर्व-(19/71/1) ऋ-(10/39/19) ऋ-(10/4/9) ऋ-(10/40/10) ऋ-(10/40/11)
3. राजनैतिक व्यवस्था - पृष्ठ सं- 168, 169, 170, 171-, ऋ-(10/60/6) ऋ-(4/18/6) ऋ-(10/134/6) ऋ-(10/108/2) ऋ-(10/108/11)
4. धार्मिक व्यवस्था - पृष्ठ सं- 174, 175, 176,177-, ऋ-(5/61/8) ऋ-(5/1/73) ऋ-(10/125/3) ऋ-(10/125/8) ऋ-(10/151/4-5) ऋ-(10/107/5)
5. आर्थिक व्यवस्था - पृष्ठ सं- 178, 179, 180 अथर्व संहिता (18/3/7), तैत्तरीय संहिता (6/2/1/1), काठक संहिता (28/8), कपिठ्ठल संहिता (38/1), मैत्रयणी संहिता (3/7/91) ऋक् संहिता (10/85,13,38) अथर्व संहिता (14/1/13), ऋ-(2/17/7) अथर्व संहिता (4/5/21), यजु (3/49), पंचविश ब्राह्मण (1/8/9), यजु (30/12)।
6. सांस्कृतिक व्यवस्था - पृष्ठ सं- 180,182,183,184। अथर्व संहिता (5/47/6) ऋ-(10/130/1) ऋ-(2-3-6), ऋ-(9/96/1), ऋ-(9/5/8), ऋ-(1/13/91) ऋक् संहिता (10/102/2), ऋ-(10/40/5), ऋ-(8/91), ऋ-(10/151/5)
7. मनुस्मृति में नारी पृष्ठ संख्या वैदिक काल में भारतीय नारी पृ- 19,20,21-
8. वैदिक एवं पौराणिक विचार दर्शन में नारी शिक्षा पृष्ठ संख्या - 259,260
9. वैदिक सृष्टि विज्ञान पृष्ठ संख्या - 95-98

सहायक आचार्य,
राजनीति शास्त्र विभाग
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
क.जे.सोमैया परिसर, मुम्बई-400077

❖ ❖ ❖ ❖ ❖❖ ❖ ❖ ❖ ❖

जीवन मूल्यों के सन्दर्भ में संस्कृत में धर्म एवं ज्योतिष की अवधारणा

✍डॉ. रूबी

भारतीय सभ्यता संस्कृति एवं समाज ने विश्व को श्रेष्ठ जीवन-मूल्य प्रदान किया है। वेद-वेदाङ्गादि साहित्य के रूप में इसका विशाल भण्डार है। मनुस्मृति में कहा गया है कि -

एतत् देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरितं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः।।[1]

सर्वस्वत्याग की भावना केवल भारतीय संस्कृति में ही देखने को मिलती है। राम, युधिष्ठिर, राजाहरिश्चन्द्र, शिवि जैसे चरित्र भारतीय संस्कृति की धरोहर है। जिनका चरित्र आधुनिक वैश्विक परिदृश्य में मूल्यों के दृष्टिकोण से हमारे मानदण्ड रहे हैं। मानव जीवन के लिए जो कल्याणकारी, शुभ आदर्श एवं इष्ट होता है वही जीवन-मूल्य माना गया है। मानव ही समाज का मूल्य-निर्धारण एवं क्षति पहुँचाता है। मूल्य से तात्पर्य भौतिक वस्तु या मानसिक अवस्था से है जिसके द्वारा मनुष्य किसी लक्ष्य या उद्देश्य की प्राप्ति करता है।

भारतीय मनीषियों ने सम्पूर्ण मानव-जाति के मूल्याधारित जीवन को संतुलित सुव्यवस्थित एवं सुनियन्त्रित बनाने के लिए जिन वहुविध सोपानों का निर्धारण किया उसमें पुरुषार्थ-चतुष्ट्य अन्यतम है। जीवन को क्रमबद्ध रूप से लक्ष्यानुगामी बनाने वाले पुरुषार्थो में प्रथम-पुरुषार्थ **धर्म** ही है। इसे मानव जीवन का मूल माना गया है।

संस्कृत-साहित्य के सन्दर्भ में इस **धर्म** की अवधारणा एवं उसकी वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जीवन मूल्यपरकता की समीक्षा से पूर्व यह आवश्यक है कि हम **मूल्य** पद के निहितार्थ को समझ लें। **मूल्य** पद वस्तुतः मूल धातु से यत् प्रत्यय लगकर बना है जिसका अर्थ है-प्रतिष्ठा के योग्य। अमरकोश में मूल्य, वस्न एवं अवक्रय-तीनों पर्यायवाची रूप में पठित हैं-

मूल्यवस्नोऽव्यवक्तयः ।[2]

अमरकोश के टीकाकार कृष्णमित्र इसका अर्थ करते हुए लिखते हैं-**मूलेनानाभ्यां मूल्यम्** अर्थात् मूल से न झुकने या अलग होने वाला मूल्य कहलाता है। इसी आधार पर पृथ्वी से प्रतिष्ठित रखने वाले वृक्षों की जड़ों को मूल भी कहा जाता है। ऐसे ही मूलत्व की अवधारणा पर आधारित मूलधन, मूलविचार, मूलपुरूषादि की अवधारणाओं की भाँति जो परम्पराएँ एवं विचार अपने सामाजिक एवं साँस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी रहकर मानवीय एवं सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार होते हैं वही किसी भी सभ्यता के सन्दर्भ में मूल्य कहलाते हैं। वस्तुतः मूल से जुड़े रहना मूल्य की अनिवार्य शर्त है लेकिन यह आवश्यक नहीं कि मूल एवं मूल्य का समीकरण सदैव एक समान बना रहे। मूल से हटकर मूल्यों में परिवर्त्तन, देश, काल एवं परिस्थितियों के अनुसार कुछ सीमाओं तक स्वीकार्य

ISSN – 2349-3100

एवं अनिवार्य भी है, किन्तु यही परिवर्तन जब मूल से नितान्त अलग होने लगे तब मूल्यों के अवमूल्यन की यह स्थिति वैश्विक समाज के लिए चिंताजनक बन जाती है।

वयं राष्ट्रं जागृयाम पुरोहितः[3]- का संकल्प लेकर चलने वाले चिन्तकों की इस भारतभूमि में अपने मूल से जुड़े रहने के कारण ही कभी कोई मूल्य पुरातन होने के कारण समाप्त नहीं हुआ बल्कि अपने अन्दर से युगानुसार नवीन मूल्यों को उद्भावित करता हुआ प्रवाहमान रहा है एवं ऊपर से विरोधी दिखने वाले मूल्य भी विरोधी न होकर संस्कृति को समग्रता प्रदान करने वाले ही साबित हुए हैं। अन्यथा कौन नहीं जानता कि श्रेय् एवं प्रेय् के मार्ग अलग-अलग है पर दोनों की ही मूल्यपरकता निःसंदिग्ध हैं।

इसी प्रकार, पुरुषार्थ-चतुष्ट्य में गम्यमान धर्म और अर्थ तथा काम और मोक्ष परस्पर विपरीत मूल्यों का बोध कराते हैं किन्तु भारतीय-संस्कृति एवं समाज ने इन्हें इस रूप में शिरोधार्य बनाया कि ये ही पुरुषार्थ चतुष्ट्य के रूप में प्रतिष्ठित होकर वैश्विक जीवनमूल्यों के पर्याय बन चुके हैं।

इन्हीं चतुर्विध पुरुषार्थों में सर्वप्रथम एवं सर्वप्रमुख[4] पुरुषार्थ **धर्म** की अवधारणा को यदि संस्कृत-वाङ्मय के सन्दर्भ में समझने की कोशिश की जाय तो यहाँ **धर्म**[5] का स्वरूप प्रायः वैश्विक समाज हेतु मूल्यपरक एवं कर्त्तव्य-बोधक ही रहा है।

सर्वप्रथम हम इसके व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ को ही देख सकते हैं जब आप्टे महोदय कहते हैं कि-

ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः।[6]

अर्थात् जो व्यक्ति को देशकालानुरूप आचरण की प्रेरणा देकर समाज में रहने योग्य बनाता है वही धर्म है। **धारयते लोकं इति धर्मः।**- व्युत्पत्ति भी कुछ ऐसा ही निर्देश करती है जिसके अनुसार- परिवार, समाज और राष्ट्र ही नहीं प्रत्युत सम्पूर्ण विश्व को एकसूत्र में पिरोने वाले वैश्विक मूल्य एवं कर्त्तव्य ही धर्म माने गए हैं। इसी भाव को ध्यान में रखकर महर्षि वेदव्यास ने भी कहा है-

धारणाद् धर्ममित्याहुर्धर्मो धारयते प्रजाः
यत् स्याद् धारणसंयुक्तं सधर्म इति निश्चयः।।[7]

आचार्य चाणक्य ने भी- **धर्मेण धार्यते लोकः**[8]- के रूप में लोक अर्थात् समस्त विश्व के मानव व्यवहार के लिए उचित मूल्यपरक तत्त्वों को ही धर्म स्वीकार किया है। ये मूल्यपरक तत्त्व क्या हैं- इसके विषय में भी संस्कृत-वाङ्मय में स्पष्टता की स्थिति बनाए रखी गई है। देशकालादि ही नहीं अपितु वैश्विक परिप्रेक्ष्य के अनुरूप सामाजिक एवं साँस्कृतिक मूल्यपरकता को स्पष्ट करते हुए धर्म के विषय में मनु कहते हैं कि-

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं, शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो, दशकं धर्मलक्षणम्।।[9]

महर्षि याज्ञवल्क्य ने भी धर्म के विषय में इसी प्रकार के मिलते-जुलते विचार व्यक्त किए हैं-

सत्यमस्तेयमक्रोधो ही शौचं धीर्धृतिर्दमः

संयतेन्द्रियता विद्या धर्मः सर्व उदाहृतः।।[10]

इस प्रकार, धैर्य, क्षमा, दम, अचौर्य, स्वच्छता, इन्द्रियसंयम, बुद्धि, विद्या, सत्य और क्रोध न करना- जैसे तत्त्वों को धर्म माना जाय तो ये सभी व्यष्टि एवं समष्टि दोनों ही दृष्टियों से ऐसे मूल्यवान् सार्वभौम तत्त्व हैं जिनके बिना वैश्विक समाज के अस्तित्त्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

पन्थ अथवा रिलिजन अर्थ बिल्कुल भिन्न अर्थ रखने वाले इस **धर्म** पद की सर्वाधिक धर्मनिरपेक्ष व्याख्या प्रस्तुत करते हुए **महर्षि कणाद्** कहते हैं-

यतोऽभ्युदयनिःश्रेयसंसिद्धिः स धर्मः[11]

अर्थात्, समता, सहिष्णुता, शांति, सद्भाव, धैर्य, क्षमा जैसे जिन तत्त्वों से विश्व समाज का व्यापक कल्याण होता हो एवं अनन्त तथा परम-सुख की प्राप्ति हो वही धर्म है।

उपर्युक्त भावों के अतिरिक्त **कर्त्तव्य** अर्थ में भी **धर्मपद** का व्यापक प्रयोग संस्कृत-साहित्य में हमें प्राप्त होता है। परंतु यहाँ भी मूल्य-निष्ठ, विकासोन्मुखी धारणीय कर्त्तव्य ही धर्म माने गए हैं। स्वार्थों पर आधारित स्वेच्छाचारिता इन कर्त्तव्यों के सन्दर्भ में धर्मपदवाच्य नहीं माने गए हैं। **शुक्रनीति** में देशधर्म, जातिधर्म, कुलधर्म, सनातन धर्म, प्राचीनधर्म, नवीनधर्म इत्यादि रूपेण वैश्विक जीवन एवं समाज के हितकारक कर्त्तव्यमूलक अनेकानेक धर्मों की चर्चाएँ हमें प्राप्त होती हैं।[12] ऐसे ही महाभारत के शान्तिपर्व में राजधर्म के विषय में भी विस्तार पूर्वक चर्चा प्राप्त होती है।[13] कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में जिस राजधर्म के स्वरूप का प्रतिपादन किया है वह भी समाज एवं राष्ट्र ही नहीं अपितु वैश्विक जीवन के लिए विकासोन्मुखी मूल्यपरक कर्त्तव्यों को ही अपने अन्दर आत्मसात किए हुए हैं।[14]

मनुस्मृति, राधवानन्द टीका[15]**- यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्म वेदनेतरः-** के रूप में संस्कृत-साहित्य में धर्म के विषय में काफी प्रगतिवादी दृष्टिकोण प्राप्त होता है जब हम पाते हैं कि इसके वास्तविक स्वरूप को जानने के लिए शास्त्रकारों ने तर्क को सर्वाधिक महत्त्व प्रदान किया है। इनसे इतर जो तथ्य तर्कातीत हैं उनके विषय में वेदादि जैसे शास्त्रों को प्रमाण स्वीकार किया गया है-

वेदोऽखिलो धर्ममूलं, स्मृतिशीले च तद्विदाम्।

अचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च।।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों में ही सम्यग्-संकल्प से उत्पन्न काम को भी सम्मिलित कर याज्ञवल्क्य ने भी कुछ इसी प्रकार के मत प्रकट किए हैं-

श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः, स्वस्य च प्रियमात्मनः।

सम्यक् संकल्पजः कामो धर्ममूलमिदं स्मृतम्।।[16]

आज धर्म की विडम्बना यह है कि इस क्षेत्र में न तो तर्क का कोई स्थान शेष छोड़ा गया है और न हि जेहाद, धर्मातरण, स्त्रीशिक्षा का विरोध, जन्माधारित वर्णव्यवस्था, दहेजप्रजा जैसे अनेकानेक विवादित मुद्दों के सन्दर्भ में शास्त्रों के कोई प्रमाण ही प्राप्त नहीं होते हैं। सबसे विनाशकारी विडम्बना तो यह है कि- धर्म को आस्था का विषय बताकर उसे तर्कों से नितान्त परे तथा निरंकुश छोड़ दिया गया है जबकि धर्म के विषय में हमारी संस्कृत की पाररम्परिक अवधारणा यह नहीं रही है। शास्त्रों में धर्म के निश्चित स्वरूप का प्रतिपादन इस तथ्य का स्पष्ट प्रमाण है कि हमारी परम्परा धर्म के क्षेत्र में आस्था के भरोसे निरंकुशता एवं स्वेच्छाचारिता को स्वीकार नहीं करती।

अद्यतन समाज में तर्कवाद का स्थान संशयवाद लेता चला जा रहा है। सम्पूर्ण विश्व में पतन की ओर अग्रसर मानवता के विनाशोन्मुखी होने के इस मूल कारण के विषय में गीता में भी कहा गया है कि-

संशयात्मा विनश्यति।[17]

इतने के बाद धर्म के क्षेत्र में जहाँ कहीं भी तर्क की स्थिति बनती भी है वहाँ भी प्रायः सुतर्क की जगह कुतर्क का साम्राज्य प्राप्त होता है एवं कुतर्को का सहारा लेकर मूल्यहीन, अमानवीय तथा विस्तारवादी अनैतिक मूल्यों को जायज ठहराने की होड़ लगी हुई है। इसका प्रबल प्रमाण है राष्ट्र एवं समाज के सन्दर्भ में सम्पूर्ण विश्व में कुकुरमुत्ते की भाँति पनपती धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर हम कह सकते हैं कि- वैश्विक समाज के लिए धर्मनिरपेक्ष रहने का अर्थ है **मूल्य-निरपेक्ष** हो जाना जबकि सामाजिक एवं साँस्कृतिक मूल्यों से निरपेक्ष किसी भी प्रगतिशील एवं स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। फिर वैश्विक समाज की अवधारणा तो बहुत दूर की बात है। कोई भी समाज पंथ-निरपेक्ष हो सकता हैं, सम्प्रदाय-निरपेक्ष हो सकता है; पर धर्मनिरपेक्ष नहीं। संस्कृत वाङ्मय के सन्दर्भ में **वेदोऽखिलो-धर्ममूलम्**[18] के रूप में वेदों को ही यदि समस्त धर्म का मूल मान लिया जाय तथा धर्म का अर्थ श्रद्धा एवं भक्ति से युक्त रिलीजन (Religion) मान लिया जाय तो भी वहाँ प्राकृतिक उपादानों पर देवत्य का आरोप करते हुए वैदिक धर्म ने सम्पूर्ण वैश्विक समाज को वैसे प्राकृतिक उपादानों के प्रति संवदेनशील एवं मूल्यभाव रखने के लिए प्रेरित किया है। जिन पर सम्पूर्ण मानवता का अस्तित्व निर्भर है। अतः प्रकृति-पूजावाद पर आधारित वैदिक-धर्म भी अपरोक्ष रूपेण मानवता के प्रति हमें सजग बनाता हुआ कहीं न कहीं वैश्विक समाज के निर्माण की ओर ही प्रयत्नशील प्रतीत होता है।

वैश्विक जगत् के मानवहित हेतु संस्कृत वाङ्मय में केवल धर्म की अवधारणा ही नहीं है अपितु दस प्रकार के अधर्म का निरूपण भी प्राप्त होता है जो वैश्विक जगत के लिए अहितकारी हैं।

परद्रव्य का ध्यान, अनिष्ट चिन्तन एवं समाज विरोधी चिन्तन तीन मानसिक अधर्म होते हैं।[19] कटु व कठोर वचन, मिथ्याभाषण, चुगली, दोषारोपण चार वाचिक अधर्म होते हैं।[20] अदत्त वस्तु-हरण, अवैधानिक हिंसा एवं परस्त्री-गमन अथवा छेड़छाड़ ये तीन शारीरिक अधर्म हैं।[21]

इस प्रकार, संस्कृत-साहित्य में प्राप्त होने वाले व्युत्पत्तियों परिभाषाओं, धर्म के स्रोतों एवं लक्षणों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यहाँ धर्म का अर्थ साम्प्रदायिक आस्थाओं पर आधारित स्वेच्छाचारी निरंकुशताओं से युक्त रिलीजन[22] (Religion) तो बिल्कुल नहीं रहा है, अपितु समाज के प्रति वैश्विक चरित्र रखने वाले धैर्य, क्षमा, इन्द्रिय संयम, पवित्रता, विद्या, बुद्धि, श्रद्धा, आत्मचिंतन जैसे व्यापक रूप से कल्याणकारी, मूल्याधारित उन तत्त्वों को धर्म माना जाता रहा है जिन्हें तर्कों की कसौटी पर परख कर कर्त्तव्यभाव से संसार के चराचर जगत् के कल्याण के लिए स्वीकार किया जा सके।[23] इस कड़ी में भारतीय संस्कृति में उद्धृत पुरुषार्थ- चतुष्ट्य तो वस्तुतः मनुष्य-जीवन की सम्पूर्णता का संकल्प ओढ़े सर्वथा वैश्विक एवं उदार विचारधारा है, जो सम्पूर्ण विश्व की सर्वाङ्गीण आवश्यकताओं को सामने रखकर कल्पित हैं। इन जीवनमूल्यों एवं विचारधाराओं की रक्षा करते हुए इनके प्रति सापेक्ष रहकर ही विकासोन्मुख, सुखी तथा सुरक्षित रहा जा सकता है। वैश्विक मूल्यों के सन्दर्भ में तभी तो मनु ने कहा भी है-

धर्म एव हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो, मा नो धर्मो हतोऽवधीत्।।[24]

धर्म से ही मानव में सद्गुणों का प्रादुर्भाव होता है एवं सद्गुणों से युक्त जो मनुष्य स्वकर्त्तव्यपालन रूप आचरण करता है वही सच्चे अर्थ में मनुष्य है। धर्म ही वैश्विक समाज को सुख, समृद्धि तथा सफलताएँ देने वाला है। इसी अनुभूति को प्रकट करते हुए वेदव्यास भी कहते हैं-

यतो धर्मस्ततः कृष्णो, यतः कृष्णस्ततो जयः।[25]

अर्थात् जहाँ धर्म है वहीं कृष्ण है और जहाँ कृष्ण यानि कल्याणकारिणी बुद्धि है वहीं जीत है, वहीं कल्याण है।

ज्योतिष- भारतीय ज्योतिषशास्त्र जीवनपद्धति के रूप में मानी जाती है। मानव को पग-पग पर ज्योतिष की आवश्यकता होती है। दिन-रात गणना, काल गणना, ऋतुएँ वर्ष इत्यादि सभी ज्योतिष आधारित है। प्राणी किसी भी क्षेत्र, प्रान्त या देश का हो वह काल-सीमा से आबद्ध है। उसका धर्म अर्थात् कर्त्तव्य उसके साथ सर्वदा विराजमान रहता है। व्यक्ति का जीवन सूर्य एवं चन्द्र की गति पर आधारित है एवं उनकी गणना ज्योतिष पर। कमलाकरभट्ट कहते हैं कि एक बार

ISSN – 2349-3100

शास्त्रों में ईश्वर की सत्ता पर विवाद है परन्तु सौरचन्द्र की गति पर नहीं। इसलिए ज्योतिष प्रत्यक्षशास्त्र है।

मनुष्य अपनी जिज्ञासा की शन्ति के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है। वह भूत एवं भविष्य की उलझनों को सुलझाने का सतत् प्रयत्न करता रहता है। मनुष्य के जीवन में जो घटनाएँ घट रही है या घटी - ऐसा क्यों हुआ? इन प्रश्नों के उत्तर ढूँढने में निरन्तर प्रयत्नरत रहता है। मानव इन प्रश्नों का उत्तर ज्योतिष के माध्यम से प्राप्त करता है या कर सकता है। मानवदेह में स्थित ग्रहमण्डल का संबंध सौरमण्डल से होता है-

आन्तरिकगुण		ग्रह
आत्मा	**-**	**सूर्य**
मन	**-**	**चन्द्रमा**
धैर्य	**-**	**मंगल**
वाणी	**-**	**बुध**
विवेक	**-**	**गुरु**
वीर्य	**-**	**शुक्र**
संवेदना	**-**	**शनि**

इसी प्रकार मानव अंग भी राशियों द्वारा व्यक्त किए जाते हैं। ज्योतिष का हमारे जीवन में महत्त्व है। हमारे तीज-त्यौहार पर्व, शादी या अन्य सभी संस्कार मूहूर्त्त के साये में ही किए जाते हैं। इनके लिए तिथि निर्धारण का कार्य ज्योतिष ही करता है। भारतीय जनमानस पर जिन जितना धर्म प्रभावी है उतनी ही ज्योतिष। ज्योतिष शब्द का अभिप्राय ही है ज्योतियुक्त होना अर्थात् अप्राप्य अदृश्य को अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से प्रकाशित करना। यहाँ का अनपढ़ व्यक्ति एवं साधारण व्यक्ति भी जानता है कि किस नक्षत्र में ठंढ होगी, किस नक्षत्र में वर्षा होगी या उसका योग बनेगा। ज्योतिषशास्त्र के प्रयोग से जीवन की बाधाओं को दूर किया जा सकता है।

फलित ज्योतिष के नाम से जो ज्योतिष विज्ञान आजकल प्रचलित है-जैसे हस्तरेखा विज्ञान, भविष्य-फल, राशिफल, जन्मकुण्डली इनका वैदिक ज्योतिष से कोई सम्बन्ध नहीं है। फलित ज्योतिष मानता है कि या तो जीवों को कर्म करने की स्वतंत्रता है हीं नहीं अगर है तो वह ग्रह नक्षत्रों के प्रभावों से कम है, अर्थात् मानव भाग्य के वश मे है। उसका भाग्य विधाता उसका कर्म नहीं बल्कि राहु-केतु-मंगल-शुक्रादि ग्रह है।

ज्योतिष वेदाङ्ग है, जिसको वेद का नेत्र है माना गया है। जिस प्रकार आप आँख से कोई वस्तु देखते हैं, जो आपकी तरफ आ रही है, आँधी के कारण आप उसे अपने तक पहुँचने के पूर्व ही

आँखे बन्द कर लेते है, उसी प्रकार ज्योतिष है जो आने वाली आँधी की पूर्व सूचना हमें प्रदान कर देता है अर्थात् ज्योतिष हमें पूर्व ही कालगणना कर आने वाली परिस्थितियों से हमें अवगत करा देता है।

धृति धातु सम्पन्न धर्म शब्द का तात्पर्य कर्त्तव्य है, इसे धारण किया जाता है, जिस प्रकार एक योद्धा युद्धभूमि मे जाने के पूर्व अपने कर्त्तव्यरूपी वस्त्र धारण करता है। एक आचार्य जो कर्त्तव्ययुक्त होता है उसका यह दायित्व होता है कि वह लोगों को शिक्षित करें कि ज्योतिष से प्राप्त ज्ञान का किस समय उपयोग करना है। वह उसे कर्मयुक्त बना सकता है भाग्यफलयुक्त नहीं। ज्योतिष विज्ञान पर आधारित है और धर्म जीवन जीने की कला। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है। धर्म व्यक्ति के भीतर के जगत को जानने का साधन हैं तो ज्योतिष ग्रह, नक्षत्र, समय, मुहूर्त्त युग तिथि आदि को जानने की विद्या।

संदर्भ सूची

1. मनुस्मृति, 2/20.
2. अमरकोश, 2.9.79.
3. संस्कारम्, मानव-मूल्य परिभाषा एवं क्षेत्र, प्रो. बी.बी. चौबे, पृ. 20.
4. अनेक धर्मः सविशेषमद्य में त्रिवर्गसारः प्रतिभाति भाविनि/कालिं, कुमारं, 5/35.
5. धर्मो हि तेषामधिको विशेषो, धर्मेण हीनाः पशुभिर्समानाः।। भर्तृहरि, नीतिः शतकम्
6. हिन्दी-संस्कृत शब्दकोष, वामनशिवराम आप्टे, पृ. 489.
7. महाभारत, कर्णपर्व, 69/59.
8. चाणक्यनीति, सूत्र-01.
9. मनुस्मृति, 6/92.
10. याज्ञवल्क्य स्मृति, प्रायश्चिताध्याय, 66.
11. महर्षि कणाद्, वैशेषिक-सूत्र।
12. देशधर्माः जाति धर्माः कुलधर्माः सनातनाः।
    मुनिप्रोक्ताश्च ये धर्माः प्राचीनाः नूनताश्च।।
    - शुक्रनीति, 4/9.
13. लोकरंजनमेवात्र राज्ञां धर्मः सनातनः।
    सत्यस्य रक्षणं चैव व्यवसारस्य चार्जवम्।।
    - महाभारत, शान्ति पर्व, 57/11.
14. चतुर्वर्णाश्रमस्यायं, लोकस्याचार रक्षणात्।
    नश्यतां सर्वधर्माणां राजधर्मः प्रवर्तकः।।
    - कौटिल्य अर्थशास्त्र, 3/1/121.

15. मनुस्मृति, 2/6 पर राघवानन्द की टीका।
16. याज्ञवल्क्य स्मृति आचाराध्याय, 7.
17. श्रीमद्भगवद्गीता 4.40.
18. मनुस्मृति, 2/6.
19. मनुस्मृति 12/5.
20. मनुस्मृति, 12/6.
21. मनुस्मृति, 12/7.
22. इन्साइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन एण्ड इथिक्स, न्यूयार्क, 1951.
23. मनुस्मृति, 2/6 पर राघवानन्द की टीका।
24. मनुस्मृति, 8/15.
25. महाभारत, शान्तिपर्व, 62/32.
26. संस्कृत साहित्य का वृहद् इतिहास : भूमिका

सहायकाचार्या
श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

❖ ❖ ❖ ❖ ❖❖ ❖ ❖ ❖ ❖

युद्धकला तथा विविध शस्त्रों के वैदिक विवेचन

✍ आकांक्षा श्री

शोध संक्षेप:-
प्रस्तुत शोध पत्र में वेदों में वर्णित युद्ध कला पर विचार कर तत्कालीन युद्ध शस्त्रों के प्रयोग की विधि एवं आधुनिक काल में उनकी उपादेयता पर प्रकाश डाला जाएगा। इससे अतिरिक्त नियुद्ध अर्थात् बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के ही युद्ध में टिके रहने की कला किस प्रकार थी तथा आधुनिक परिपेक्ष्य में इसे किस प्रकार से जीवित रखा गया उस पर प्रकाश डाला जाएगा। हम जानते है कि युद्ध करने एवं लड़ने की प्रवृत्ति प्राणियों में अनादिकाल से ही चली आ रही है। देशकाल एवं परिस्थिति के अनुसार इसका विकास एवं हास् होता जा रहा है। केवल मनुष्य ही नहीं अपितु उनसे इत्तर प्राणी भी अपनी रक्षा एवं उदर पूर्ति हेतु नख दंत आदि से प्रहार कर युद्ध का सहारा लेते है। परंतु मनुष्य अपने बुद्धि कौशल से विविध शस्त्रास्त्रों का आविष्कार कर न केवल हिंसक प्राणियों से अपनी रक्षा करता है अपितु संसार में अपना आधिपत्य भी स्थापित करता है। युद्ध कला का सर्वप्रथम प्रमाण हमें वेदों से ही प्राप्त होता है। इसके पुख़्ता सबूत हमें वेदों में दिखलाई पड़ते है की उनके पास युद्ध करने के लिए प्रारंभिक हथियार थे जिससे वह अपने शत्रु दल पर विजय प्राप्त करते थे। यजुर्वेद के उपवेद धनुर्वेद से केवल धनुष बाण का ही ग्रहण नहीं किया जाता अपितु धनु शब्द रूढ़ि होकर अन्य आयुधों का भी बोध कराता है जैसा कि विश्वकोषकार ने भी कहा है![i]

<u>लेख-</u>

'धनुर्वेद' पूर्णतया धनुर्विद्या को समर्पित है। अग्नि पुराण में धनुर्वेद के विषय में उल्लेख किया गया है तथा इसके पांच भाग इस प्रकार है-

यन्त्र-मुक्ता – अस्त्र-शस्त्र के उपकरण जैसे घनुष और बाण।

पाणि-मुक्ता – हाथ से फैंके जाने वाले अस्त्र जैसे कि भाला।

मुक्ता-मुक्ता – हाथ में पकड कर किन्तु अस्त्र की तरह प्रहार करने वाले शस्त्र जैसे कि बर्छी, त्रिशूल आदि।

हस्त-शस्त्र – हाथ में पकड कर आघात करने वाले हथियार जैसे तलवार, गदा अदि।

बाहू-युद्ध – निशस्त्र हो कर युद्ध करना।

इनमें से अंतिम बाहुयुद्ध है जिसे बिना किसी हथियार के ही खेला जाता है। इसे मार्शल आर्ट यानी युद्ध की कलाएं की भी संज्ञा दी गयी है। मार्शल आर्ट का जिक्र छिड़ते ही दिमाग में चीन की छवि उभर जाती है। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि भारतीय ग्रंथों व पुराणों में युद्ध की इस कला का विस्तार से वर्णन है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मार्शल आर्ट के प्रणेता परशुराम माने गए हैं। पुराणों में अस्त्र-शस्त्र ज्ञान के कारण परशुराम को पूरे जगत में सर्वश्रेष्ठ माना गया। इसमें जिक्र है कि उन्हें अस्त्र शस्त्रों, युद्ध कला व मल्ल कला की खास जानकारी थी। उन्होंने आत्मरक्षा की एक खास कला विकसित की। यही मौजूदा दौर का मार्शल आर्ट है।
नियुद्ध एक प्राचीन भारतीय युद्ध कला (मार्शल आर्ट) है। नियुद्ध का शाब्दिक अर्थ है 'बिना हथियार के युद्ध' अर्थात् स्वयं निःशस्त्र रहते हुये आक्रमण तथा संरक्षण करने की कला। यह एक निःशस्त्र युद्ध कला है जिसमें हाथ और पाँव के प्रहार शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आत्मरक्षा है। महाभारत आदि प्राचीन ग्रन्थों में नियुद्ध का उल्लेख मिलता है। वर्तमान में नियुद्ध का अभ्यास मुख्यतः भारतीय नियुद्ध मार्शल आर्ट्स फेडरेशन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक एवं इसके आनुषांगिक संगठनों द्वारा अपने प्रशिक्षण शिविरों तथा शाखाओं में किया जाता है। नियुद्ध में मनुष्य अपने अंदर की 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक कि क्षमता को जान सकता है। आमतौर पर हम केवल अपने 20 प्रतिशत क्षमता को ही जान पाते है और उसका प्रयोग करते है। अग्निपुराण में वस्तुतः नियुद्ध को अधम युद्धों में गिना जाता है परंतु युद्ध मे लड़ रहे योद्धाओं के अस्त्र-शस्त्र जब समाप्त हो जाते थे तब अन्य किसी साधन को न पाकर योद्धा अपने मुष्टिबल का ही सहारा लेते थे। हम सब जानते है मुश्किलें परिस्थितियां देख कर नहीं आती। हम हर वक्त हथियार लिए तैयार भी नहीं होते। इसलिए यह परमावश्यक है कि हर मनुष्य को अपनी सुरक्षा हेतु मल्लयुद्ध, बाहुयुद्ध, नियुद्ध या मुष्टियुद्ध जैसे कलाओं का ज्ञान हो। महिलाएं जिस प्रकार आत्मनिर्भर बन रही है उन्हें भी अपनी सुरक्षा के लिए हथियार रहित टेक्टनिक का इस्तेमाल सीखना चाहिए। जापानी जुडो- कराटे हो या अमेरिकी फ्रीस्टाइल कुश्ती इन सभी की नींव हमें हमारे वेदों में ही दिखलाई पड़ते है। इस युद्ध का मूल ऋग्वेद में मिलता है।[ii]

रामायण में अनेक स्थानों पर वानर वीरों द्वारा मुष्टियुद्ध का प्रयोग करते दिखाया गया है।[iii]
बाली, सुग्रीव, जामवंत, हनुमान, रावण और कुम्भकर्ण मल्लयुद्ध के निष्णात योद्धा थे।
महाभारत काल में भीम और जरासंध सुप्रसिद्ध मलयोद्धा थे। द्रोणपर्व में सात्यिक और भूरिश्रवा का दावपेच भरा मल्लयुद्ध उल्लेखनीय है। इन योद्धाओं ने लड़ते हुए मल्लयुद्ध के बत्तीस दांवपेचों का प्रयोग किया। इससे यह प्रतीत होता है कि उस समय यह कला सुप्रसिद्ध एवं विकसित रूप में थी।[iv]
शुक्रनीति में इसे कला में गिनाया है-[v]

 ISSN – 2349-3100

अग्निपुराण में नियुद्ध के 36 विज्ञानों की गणना की गई है इसी भाँति गर्गसंहिता, विष्णुधर्मोत्तर महापुराण एवं मत्स्यपुराण में भी बाहुयुद्ध का वर्णन अनेक बार आया है।

- इसके चार भेदों में प्रथम **धरणिपात** है जिसका अर्थ है प्रतिपक्षी को भूमि पर गिराना। यह आजकल भी बहुत प्रचलित है। जैसे जुडो का stomach through और कुश्ती का उल्टी पुठ्ठी दाव। कंस सभा में श्रीकृष्णजी ने इसी युद्ध की प्रशंसा की-[vi]

- दूसरा युद्ध **आसुर** युद्ध है इसमें हाथ पैर तोड़ना या अन्य अंग-भंग किये जाते है। मल्लपुराण में इसके 32 भेद बताए गए। केश आकर्षण, कान-नाक तोड़ना, हाथ-पैर तोड़ना, गला दबाना, अंगुलु तोड़ना इत्यादि इसी के भेद है। जापान देश का जुडो कराटे, चीन का कूंगफू आदि इसके अंतर्गत आते है साथ ही **WWE- world wrestling entertainment जो कि WWF- world wrestling federation के तहत आता है इसकी प्रक्रिया भी आसुर युद्ध के समान ही है। (WWE** के तीन ब्रांड है- **RAW, SMACKDOWN, और ECW)**

- तीसरा नार या मार युद्ध कहलाता है। इसमे मर्म स्थानों पर प्रहार किया जाता है। आज भी ट्रेनर्स द्वारा प्रतिद्वंदी के वीक पॉइंट्स पर अटैक करने की सलाह खिलाड़ी को दी जाती है।

- चौथा युद्ध धर्मयुद्ध नाम से प्रसिद्ध है।

इस प्रकार शरीर के आधार पर ही आयु और शक्ति को ध्यान में रख कर मलयुध्दों का विभाजन किया जाता था। आज भी हम देखते है ओलंपिक गेम्स में तथा एशियाई खेलों में वजन की अलग अलग सिमा निर्धारित की जाती है।

धनुष का प्रयोग योद्धा प्राचीन काल में बहुलता के साथ किया करते थे। यदि किसी शस्त्र का सबसे अधिक वैदिक युग में हुआ है तो वह धनुष बाण ही है। आज भी हम किसी प्राचीन कथाओं पर वर्णित चलचित्र देखते हैं तो उसमें धनुष विद्या को अवश्य दिखाया जाता है। उदाहरण रूप में हम बाहुबली जैसी प्रसिद्ध चलचित्र को देख सकते है। इसमें युद्ध के दौरान धनुष विद्या का प्रदर्शन बहुत ही बेहतरीन ढंग से किया गया है। इसके अतिरिक्त हाल ही में एक चलचित्र “ठग्स ऑफ हिंदुस्तान” जिसमें सत्रहवीं शताब्दी के भारत को दर्शया गया उसमें धनुर्विद्या का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। ऐसे अन्य कई चलचित्र है जिनमें प्राचीन युगों का वर्णन है साथ ही हमारे वेद वेदांगों में वर्णित भिन्न-भिन्न प्रकार के शस्त्रों का प्रयोग भी किया गया। आज के आधुनिक युग मे यदि देखें तो कॉमन वेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों में **आर्चरी (archery)** नामक खेल धनुर्विद्या

का ही रूपांतरण है। इससे अतिरिक्त असम की एक खास जाती आज भी सरल धनुषबाण का प्रयोग आम जन जीवन मे करती है। नागा लोग गोली धनुष का प्रयोग करते है। 12वीं शताब्दी में यूरोप में कलदार-धनुष (cross bow) का प्रयोग होता था जो रोमन अस्त्रक्षेपक बिलिस्टा (bailista) का छोटा रूप था। हिन्दचीन में आज भी एक प्रकार के कलदार धनुष का प्रचलन है जिसका उत्पत्तिस्थान मंगोलिया कहा गया है। धनुषबाण की एक विशेषता यह भी थी कि इसका उपयोग चतुरंगिणी सेना के चारो अंग कर सकते थे। हमारे शास्त्रों के अनुसार धनुष की डोरी जहाँ कान तक खींची जाती थी वहाँ यूनान में सीने तक खिंचने की प्रथा थी। अग्निपुराण में धनुर्विद्या की तकनीकी बारीकियों का विस्तारपूर्वक वर्णन मिलता है। कौशीतकि ब्राह्मण में लिखा है कि धनुर्धर की यात्रा धनुष के कारण सकुशल और निरापद होती है। भीष्म ने छः हाथ लंबे धनुष का प्रयोग किया था। रघुवंश में राम और लक्ष्मण के धनुषों के टंकार का वर्णन है और अभिज्ञानशाकुंतलम् में दुष्यंत के युद्धकौशल का वर्णन सिद्ध करता है कि कालिदास को धनुर्विद्या का सम्यक् ज्ञान था।

चक्र- वाशिष्ठ धनुर्वेद में बताये सात युद्धों में चक्र का स्थान दूसरा है। सर्वप्रथम ऋग्वेद में चक्र का प्रयोग मिलता है-[vii]

महाभारत में श्रीकृष्ण जी का सुदर्शनचक्र तो सुप्रसिद्ध है ही साथ ही रामायण में अनेक बार चक्र की चर्चा हुई है। पद्मपुराण उत्तरखंड **अ० 145** में भी इसकी महिमा गाई गयी है। विष्णु की प्रतिमा में सर्वत्र चक्र देखने को मिलता है। जिसके मध्य में नाभि और नाभि में अरे लगे हुए हैं। नाभि के मध्य में छिद्र है और उसमें रस्सी ओतप्रोत है। यहाँ रस्सी से क्या अभिप्राय है यह विचारणीय है। हमारे विचार से रस्सी का प्रयोग चक्र को दूर फेंकने के लिए किया जाता है। जैसे आज हम देखें तो बच्चे घुमानेवाले लट्टू के चारों ओर रस्सी लपेटकर झटके से छोड़ते है तो वह लट्टू चक्र की तरह घूमता हुआ दूर तक जाता है। औशनस धनुर्वेद चक्र का विस्तार से वर्णन है इसके अनुसार चार, छह या आठ अरोंवाला चक्र उपयुक्त होता है। विष्णु का चक्र बारह अरों से युक्त था। अर शब्द का अर्थ अलग-अलग बताया गया है। औशनस धनुर्वेद के संकलनकर्ता श्री राजाराम शास्त्री ने इसका अर्थ कोण किया है। परंतु इसके अर्थ अरा करना ही समुचित प्रतीत होता है। जैसे गाड़ी के चक्र के मध्य में नाभि होती है और उसमें अरे लगे होते है। शुक्रनीति में भी चक्र को कुण्डल की आकृति जैसा बतलाया गया है। सिखमत के (अकाली) अपनी पगड़ी में चक्र जैसा गोलाकार लोहे का चक्र धारण करते है। इसके बाह्य किनारे तीक्ष्ण होते है, परंतु इसमे नाभि नहीं होती।

इसीप्रकार अन्य शस्त्रों का भी वर्णन शास्त्रों में किया गया है जैसे खड्ग (तलवार) , छुरिका, गदा, परशु:, तोमर, कुणप:(बर्छी), चोत्थक, वज्र आदि।

इन सभी शस्त्रों से अतिरिक्त दिव्यास्त्रों का वर्णन भी वैदिक ग्रंथों एवं अन्य शास्त्रों में मिलता है। दिव्यास्त्र के दो भेद नालिक और मांत्रिक शुक्रनीति में कहे गए है।[viii]–

नालिक अस्त्रों से किये जाने वाला युद्ध आसुर और मान्त्रिक अस्त्रों वाला दैविक कहलाता है। नालिका वह होते है जिनके नाल से गोली या गोला छोड़ा जाता है। भुशुण्डी(बन्दूक), शतघ्नी(तोप), और अन्य पत्थर फेंकनेवाले यंत्र उष्ट्रग्रीव, जामदग्न्य प्रभृत नालिका में सम्मिलित है और ब्रह्मास्त्र प्रभृति जिनका प्रतिकार संभव नहीं है वह मांत्रिक कहे जाते है।

शतघ्नी संस्कृत भाषा में शत और सहस्त्र बहुत्ववाची शब्द के रूप में भी प्रयुक्त होते हैं। जिस आयुध के एक ही प्रहार से बहुत लोग मारे जाए,उसे शतघ्नी कहते है। वेद में स्पष्ट शतघ्नी शब्द का प्रयोग तो नहीं हुआ, परंतु उसके अभिप्राय को कहने वाले शब्द सहस्त्रघ्नी, शतवधं अवश्य आये है। -[ix]

स्वामी दयानंदजी ने वेद के अनेक मंत्रों से आग्नेयास्त्र, शतघ्नी, भुशुण्डी और इससे भी भयंकर अस्त्रों का अर्थ ग्रहण किया है। रामायण के बालकांड में अयोध्या का वर्णन करते हुए उसे ऊँचें बुर्ज, ध्वज और सैकड़ों शतघ्नीयुक्त बताया है-[x]

पुराणों में शतघ्नी को यंत्रो में मुख्य स्थान प्राप्त हुआ है। विष्णुधर्मोत्तरपुराण में शतघ्नी और बहुत से सहस्त्रघाती यंत्रों से युक्त दुर्ग बनाने को कहा है। मत्स्यपुराण में शतघ्नी को दीप्त कहा है-[xi]

यह स्वाभाविक है कि यह दीप्त तभी हो सकती है जबकि इसे आग्नेयास्त्र माना जाए।

कौटिल्य अर्थशास्त्र में शतघ्नी चलयंत्रों में कही गई [xii]–

जिसे एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा सके उसे चलयंत्र कहते है।

महाराजा भोजरचित समरांगणसूत्रधार ग्रंथ में शतघ्नी और अन्य उष्ट्रग्रीव यंत्रों को दुर्गरक्षा के लिए युक्तिपूर्वक बनाने को कहा गया है।[xiii]

ऐसा प्रतीत होता है जैसे रूस एवं अमेरिका ने एक दूसरे को नष्ट करने हेतु प्रक्षेपास्त्रों के प्रयोग की विधि जानने के लिए हमारे ही शास्त्रों का सहारा लिया होगा।

अग्निचुर्ण का इतिहास भी उतना ही पुराना है जितना कि आग्नेयास्त्र। अथर्ववेद में सीसे को गोली से गो, अश्व और मनुष्यों के घातक को वेधने का आदेश दिया है। पाश्चात्य इतिहासविदों की यह धारणा है कि भारतवर्ष में सर्वप्रथम तोप का प्रयोग बाबर के समय मे हुआ। इसका समय 1526 ई० है। बारूद का अविष्कार यूरोप में 14वीं शताब्दी में बर्थोल्ड श्वाट्र्ज नामक पादरी ने किया,परंतु अब इस भ्रांत धरना का खंडन स्वयं उन्हीं देशों के विद्वानों ने कर दिया है। एंसाईक्लोपीडिया ब्रिटानिका का मत है कि बारूद का अविष्कार चीन या हिंदुस्तान में - **encyclopaedia Britannia,page 5.** बर्थोल्ड पादरी ने इसमें परिवर्धन किया न कि इसका

अविष्कार। जैसे कि समस्त ज्ञान-विज्ञान की परंपरा है भारतवर्ष से पूर्वदेश चीन-जापानादि में बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ अन्य कलाओं का भी प्रचलन हुआ। इसी भाँति अरबों के भारत के साथ बहुत पुराने व्यापार-सम्बन्ध होने से उन लोगों ने गणित,आयुर्वेद,ज्योतिष इत्यादि यहीं से सीखे। अरबी में आज भी अंक को हिन्दसा (हिंदुस्तान से आया) कहा जाता है। तोप शब्द भी संस्कृत की तुप तुफ़ पीड़ार्थक धातु धातु स्व निष्पन्न होता है परंतु यहाँ उसका यह नाम न होकर नालिका या शतघ्नी प्रचलित था। नैषध काव्य में दमयंती की नाक को नलिका से उपमा दी गयी है –[xiv]
भारत चम्पू काव्य में वर्षा-बिंदुओं की नलिका से निकलती हुई गोलियों से उपमा दी है-[xv]
इन दोनों ग्रंथो का समय ईसा की 12-14वीं सदी माना गया है।

उपसंहार:- इन सभी प्रमाणों से यह निष्कर्ष निकलता है कि भारतवर्ष में अग्निचुर्ण का प्रचलन प्राचीन काल से ही था। तोप और बंदूक जैसे आयुध भी थे किंतु सामान्यतः धर्मयुद्धों में इनका बहुत कम ही प्रयोग किया जाता था। छल-कपट द्वारा संहार न कर के योद्धा परस्पर सामने होकर ही समान शस्त्रास्त्रों से लड़ना अपना धर्म समझते थे। इसीप्रकार हम देख सकते है वेदों में युद्ध कला का कितने विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है तथा उनमें वर्णित भिन्न-भिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों को आज के आधुनिक परिपेक्ष्य से भी जोड़ा जा सकता है।

संदर्भित ग्रंथ:-

1. **ऋग्वेद – (महर्षि दयानंद भाष्यम्)- दयानंद संस्थान नई दिल्ली**
2. **धनुर्वेद (आग्नेयास्त्र का इतिहास तथा प्राचिन धनुर्वेद की पुनरावृत्ति) पं० जयदेव शर्मा विद्यालंकार, स्टार प्रेस, प्रयाग।1974**
3. **धनुर्वेद- डॉ० देवव्रत आचार्य (विजय कुमार गोविंदराम हासानन्द नई सड़क दिल्ली।1999**
4. **भारतवर्ष के प्राचिन इतिहास- ले० डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार,प्रकाशन- सरस्वती सदन मसूरी।1953**

Endnote ;-

[i] **“ धनूंषि उपलक्षणेन धनुरादीन्यस्त्राणि विद्यन्ते ज्ञायन्त अनेनेति धनुर्वेद:।।(हिंदी विश्वकोश भाग 11,पृष्ठ-76)।**

[ii] **(नि येन मुष्टिहत्यया नि वृत्रा रुणधामहै। ऋग्वेद 2/8/2)**
(युष्मदेति मुष्टिहा बाहूजूत:। ऋग्वेद 5/58/4)

[iii] **(रा० कि० काण्ड 16/17; युद्धकाण्ड 40/16-27)**

[iv] (द्वात्रिंशत् करणानि स्युर्यानि युद्धानि भारत। -- द्रोण०143/47

[v] (संध्याघाताकृष्टिभेदैर्मल्लयुद्धं कला स्मृता। (शुक्र० 4/318)

[vi] (बलवतश्च क्रियातश्च बाहुयुद्धविधिर्युधि। निपातानन्तरं किंचिन्न कर्तव्यं विजानता।। hiशस्त्रसिद्धिस्तु योद्धानां संग्रामे शस्त्रयोधिनाम्। रंगसिद्धिस्तु मल्लानां प्रतिमल्लनिपातजा।।) – हरि० पु० विष्णुपर्व 30/13/16

[vii] (अनयुधासों असुरा अदेवांश्चक्रेण ता अप वप ऋजीषिन्। (ऋ० 8/96/9)

[viii] अस्त्रं तु द्विविधं ज्ञेयं नालिकं मांत्रिकं तथा।) (शुक्र० 4/1025)

[ix](क) धनुर्बिभर्षि हरितं हिरण्ययं सहस्त्रघ्नी शतवधम् – (अथर्व०11/2/12)
(ख) त्वष्टा यद् वज्रं सुकृतं हिरण्ययं सहस्त्रभृष्टिम्। (ऋ० 1/85/9)

[x] उच्चाट्टालध्वजवतीं शतघ्नीशतसंकुलाम्। (रामा०बाल०5/11)

[xi] शतघ्नीभिश्च दीप्ताभि:।(म०पु० 62/32)
[xii] (आयुधागाराध्यक्ष: 18/2 कौ०अ०)।
[xiii] -(ये चापाद्या ये शतघन्यादयोऽस्मिन्नुष्ट्रग्रीवावाद्याश्च दुर्गस्य गुप्तयै।)-सम०सू०31/108
[xiv] (नैषध 2/28)
[xv] (भारतचम्पू 3/54)

संस्था – श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
ईमेल. – shreeakanksha130@gmail.com

❖ ❖ ❖ ❖ ❖❖ ❖ ❖ ❖ ❖